WWW.NAVPRADESH.COM

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं...

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 284 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ के 11 समेत 942 जवानों को मिलेगा वीरता अवार्ड

❖ गृह मंत्रालय ने किया ऐलान, उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा जवान

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर मिलने वाले वीरता पुरस्कारों का ऐलान कर दिया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक इस बार छत्तीसगढ़ के 11 समेत 942 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड दिया जाएगा। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश से जवानों को यह अवार्ड मिलेगा। वीरता पुरस्कारों में से अधिकतर नक्सली प्रभावति क्षेत्र में तैनात जवानों को दिया गया। सीआरपीएफ के 19 और उत्तर प्रदेश पुलिस के17 जवानों को यह अवॉर्ड दिया गया। 942 जवानों में पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं में सेवा देने वाले जवान हैं। इसमें 95 जवानों को वीरता पदक, 101 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक, 746 को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया गया। 95 वीरता पुरस्कारों में से अधिकतर नक्सली प्रभावित क्षेत्र में तैनात जवानों को दिया गया। इसमें 28 जवान नक्सली क्षेत्र के, 28 जम्मू और कश्मीर क्षेत्र के, उत्तर-पूर्व के 03 जवान और अन्य क्षेत्रों के 36 जवानों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इसमें 78 पुलिसकर्मी और 17 अग्निशमन सेवा से कर्मचारी हैं।

राज्यवार गैलेंट्री अवार्ड की लिस्ट

वीरता पुरस्कार की राज्य दर आंकड़ों पर नजर डालें तो छत्तीसगढ़ के 11, ओडिशा के 6, उत्तर प्रदेश के 17, जम्मू कश्मीर के 15 पुलिस जवानों को यह अवॉर्ड दिया गया। वहीं असम राइफल्स के एक, बीएसएफ के 5, सीआरपीएफ के 19, एसएसबी के 4 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड दिया गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश फायर विभाग के 16 और जम्मू-कश्मीर के एक फायर विभाग के जवान को यह अवॉर्ड दिया गया।

विशिष्ट सेवा किस विभाग के कितने जवान

विशिष्ट सेवा के लिए 101 राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) में से 85 पुलिस सेवा को, 05 ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

22 पुलिस अफसरों को मिलेगा पुलिस पदक, एक को राष्ट्रपति पदक

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ पुलिस के 22 अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा भारत सरकार ने की है। गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से इंस्पेक्टर महेश राम साहू को राष्ट्रपति पदक से नवाजा जाएगा। इसके अलावा बेहतर कार्य के लिए 21 अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। कवर्धा के डीएसपी अंजू कुमारी और थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा को उनके साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और नक्सल उन्मूलन अभियान में उनके असाधारण योगदान के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। अंजू कुमारी ने नक्सल मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की पुलिस सेवा में एक नई मिसाल कायम पेश की है। वे नक्सल मोर्चे पर शामिल होने वाली पहली महिला राजपत्रित अधिकारी हैं, जिन्हें वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। उनकी यह उपलब्धि न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि पुलिस सेवा में महिलाओं की शक्ति और साहस को भी उजागर करती है।

मुठभेड़ में डीएसपी अंजू का बेहतर प्रदर्शनः डीएसपी अंजू ने विशेष तैनाती के दौरान दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर के ग्राम नहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ एक

आज बेबाक

26 जनवरी और 15 अगस्त बस यही वह दो दिन है जब हम हिन्दुस्तानियों के दिलों में देशभक्ति का जज्बा जागता है। साल के शेष बचे 363 दिनों में हम देशभक्ति की भावना को तिलांजली देकर फिर से जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बंट जाते हैं। हमारे लिए देशहित से बढ़कर स्वहित हो जाता है। हमें यह सोचने की फुर्सत ही नहीं मिलती कि हम देश को क्या दे रहे हैं? हमारी सोच यही तक सीमित रहती है कि देश हमें क्या दे रहा है? जब हमारी यह संकुचित सोच बदलेगी तभी राष्ट्रीय पर्व की सार्थकता सिद्ध होगी।

शुभकामनाएं..

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को दैनिक नव प्रदेश समाचार पत्र समूह की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं.. **संपादक**

अवकाश सूचना

26 जनवरी 2025 दिन रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर दैनिक नवप्रदेश के प्रेस व कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी को आपके हाथों में होगा...। **महाप्रबंधक**

पेंट बनाने वाली फैक्ट्री में सुबह आठ बजे एक टैंकर में ब्लास्ट

धरसीवा/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा के औद्योगिक क्षेत्र बरतोरी में स्थित संजय केमिकल फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। दो घंटे से प्लांट में भारी ब्लास्टिंग जारी है। आग की लपटें भारी तेज है, जिससे क्षेत्रवासी भी सहम उठे हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। आब बुझाने का काम जारी है। पेंट बनाने वाली इस फैक्ट्री में सुबह तकरीबन आठ बजे एक टैंकर में ब्लास्ट हो गई, जिससे फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल अग्निशमन के साथ मौके पर पहुंच गया है. आग की लपटें इतनी तेज है कि पूरा प्लांट बुरी तरह से इसकी चपेट में आ गया है। अभी भी प्लांट में भारी ब्लास्ट हो रहा है। एक मजदूर झूलसा है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गाय है।

मुंबई के मलाड में लगी भीषण आग, दमकल मौके पर मौजूद

मुंबई (ए.)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुनियादी संरचना के विकास की दिशा में एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ है। मुंबई की तटीय सड़क को बांद्रा वर्ली सी लिंक से जोडऩे के लिए बनाया जा रहा पुल बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 26 जनवरी को इसका उद्घाटन करेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम ने बताया कि आम जनता 27 जनवरी से इसका इस्तेमाल शुरू कर सकेगी। मुंबई तटीय सड़क प्रतिदिन सुबह 7 बजे से मध्यरात्रि तक वाहनों की आवाजाही के लिए खुली रहेगी।

लातूर में बर्ड फ्लू का खौफ

लातूर (ए.)। बर्ड फ्लू के कारण कौओं की मौत के बीच, पोल्ट्री फार्मों से भेजे गए 48 नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। इस बारे में एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हुतात्मा स्मारक नगर पुस्तकालय, हुतात्मा स्मारक बाल उद्यान और महात्मा गांधी उद्यान में कौओं की मौत के बाद, 5 किलोमीटर के दायरे में गहन निरीक्षण किया गया और पोल्ट्री के नमूने जांच के लिए भेजे गए।

भारत-इंडोनेशिया में ऐतिहासिक संधि

प्रधानमंत्री मोदी बोले- हमारा सहयोग और मजबूत होगा

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और इंडोनेशिया ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के फैसले के साथ ही हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ के हितों एवं प्राथमिकताओं के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जतायी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में यह सहमति जतायी गयी। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, आयुष, समुद्री सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान—प्रदान, डिजीटल विकास को लेकर पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। बाद में दोनों नेताओं ने मीडिया को अपने प्रेस वक्तव्य दिये। मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 वर्ष का जश्न मना रहे हैं, इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है। मैं राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत में स्वागत करता हूं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आप गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि हैं। हम सभी इस समारोह में पहली बार इंडोनेशिया की मार्चिंग टुकड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं। मैं एक बार फिर आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं।

उन्होंने कहा कि 2018 में उनकी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने अपनी साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप दिया था। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने तय किया है कि रक्षा विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला में साथ काम किया जायेगा। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला और कट्टरवाद को कम करने में सहयोग पर भी बल ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने किया इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का स्वागत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा है। मैं भारत में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो का स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा, '2018 में मेरी इंडोनेशिया यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हमने विनिर्माण और आपूर्ति में मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और डी-रेडिकलाइजेशन में सहयोग पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा, समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में आज हस्ताक्षरित समझौता अपराध की रोकथाम, खोज एवं बचाव और क्षमता निर्माण में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। हमारा द्विपक्षीय व्यापार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पिछले साल यह 30 अरब डॉलर से अधिक हो गया था।

आसियान और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में इंडोनेशिया हमारा महत्वपूर्ण साझीदार

सांस्कृतिक संबंधों की पृष्ठभूमि को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध हजारों वर्ष पुराने हैं। रामायण और महाभारत से प्रेरित गाथाएं, और 'बाली जात्रा', हमारे लोगों के बीच अनवरत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के जीते जागते प्रमाण हैं। उन्होंने कहा, आसियान और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में इंडोनेशिया हमारा महत्वपूर्ण साझीदार है। इस पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हम दोनों प्रतिबद्ध हैं। हम इंडोनेशिया की ब्रिक्स की सदस्यता का भी स्वागत करते हैं। इन सभी मंचों पर, ग्लोबल साउथ के देशों के हितों और उनकी प्राथमिकताओं पर, हम सहयोग और समन्वय से काम करेंगे।

सीएम साय-डा. रमन से मिले योग गुरु स्वामी रामदेव

योग को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से योग गुरु बाबा रामदेव ने आज मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय एवं परिजन उपस्थित थे। वहीं स्पीकर हाउस रायपुर पहुंचकर बाबा रामदेव ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने योग के महत्व, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सार्थक संवाद किया। बातचीत के दौरान दोनों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने स्वामी रामदेव की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है. बाबा ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

अंबिकापुर दौरे पर रहेंगे सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दो दिवसीय अंबिकापुर दौरे पर रहेंगे. सीएम साय शनिवार दोपहर एक बजे रायपुर हेलीपैड से अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए, जहां वंदे मातरम कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मां महामाया मंदिर जाएंगे। मां महामाया के दर्शन-पूजा करेंगे। सीएम साय रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। सीएम साय 26 जनवरी को सुबह 9 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे. समारोह के बाद 12.40 को अंबिकापुर से रायपुर के लिए रवाना होंगे. शाम 05.15 बजे राजभवन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे।

अब मिट रहा नासूर, दो नक्सली कमांडर निशाने पर

❖ सुरक्षा बलों का मुख्य ध्यान देवा और हिड़मा पर

❖ इर्द-गिर्द ए, बी और सी नामक की टीमों का तीन-स्तरीय सुरक्षा घेरा

रायपुर/नवप्रदेश। नए साल के पहले 24 दिनों में छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने कम से कम 47 माओवादियों को मार गिराया है, लेकिन 31 मार्च 2026 की समय सीमा से पहले नक्सलियों के खिलाफ गहन अभियान में लगे सुरक्षा बलों का मुख्य ध्यान दो लोगों देवा और हिड़मा पर है। देवा और हिड़मा शीर्ष दो माओवादी कमांडर हैं, इन्हें 16 जनवरी को दक्षिण बस्तर में सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, लेकिन वे भागने में सफल रहे. फिर भी वे निशाने के करीब हैं, और आज नहीं तो कल वे शिकार होंगे, इस बात को लेकर सुरक्षा बल के अधिकारी बहुत हद तक आश्वस्त हैं। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा पिछले डेढ़ साल में, देवा और हिडमा अपने कनिष्ठ कैडरों को आगे रखकर कम से कम चार बार भागने में सफल रहे हैं. लेकिन तथ्य यह है कि वे अब सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आमने-सामने आ रहे हैं, इसका मतलब यह भी है कि उनकी ताकत कम हो रही है। अन्यथा, देवा और हिडमा ऐसे कमांडर हैं, जिनके इर्द-गिर्द ए, बी और सी नामक की टीमों का तीन-स्तरीय सुरक्षा घेरा होता है। सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है. 2024 में उन्होंने 250 को मार गिराया, 812 को गिरफ्तार किया, वहीं 723 ने आत्मसमर्पण किया. इस साल अब तक 47 माओवादी मारे गए हैं, जिनमें 16 जनवरी को 20-21 नक्सली गरियाबंद में हुई गोलीबारी में मारे गए थे. हालांकि, इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी है. 2024 में माओवादियों द्वारा कम से कम 17 कर्मियों और 60 नागरिकों को मार दिया गया। इस साल अब तक ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

डिप्टी सीएम शर्मा के बंगले में पं. धीरेंद्र शास्त्री का दरबार

रायपुर/नवप्रदेश । रायपुर स्थित उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के बंगला में आयोजित कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री शामिल हुए. उन्होंने कहा, धर्मांतरण के खिलाफ छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे. नक्सल क्षेत्र बस्तर में कथा भी करेंगे. यहां शांति स्थापित करने हिंदू विचारधारा के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, अभी 19 जनवरी को आदिवासी जनजागरण कार्यक्रम किया गया. इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य था कि गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला में बागेश्वर मंडल बनाएंगे, जो हनुमान चालीसा का पाठ कराएगा और धर्मांतरण को रोकेगा. जो हमको दान में दिया जाएगा उस दान की राशि से हम गरीब बेटियों का घर बसाएंगे।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत, हड़कंप

सुरक्षा पर उठे सवाल, पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

लोरमी/ नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत का मामला सामने आया है। यहां संदिग्ध हालत में बाघिन का शव मिला है, जिसकी उम्र करीब 4 साल बताई जा रही है। वहीं वन विभाग के अफसरों ने बाघिन की मौत की वजह आपसी संघर्ष की आशंका जताई है। वन परिक्षेत्र लमनी के ग्राम चिरहट्टा बिरारपानी के बीच ग्रामीण बेंदरा खोंदरा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान झाड़ के पास एक बाघिन को मृत देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है. पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

जंगल के अंदर बाघ की सुरक्षा पर सवाल ?: अचानकमार टाइगर ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

बाघिन की मौत के कारण पर अधिकारियों की सफाई

एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यू आर गणेश ने बताया कि आपसी संघर्ष में बाघिन की डेथ हुई है, डॉक्टरों की टीम ने ऐसी आशंका जताई है कि आपसी संघर्ष में बाघिन की मौत हुई है। जिसका वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है। स्थानीय पेट्रोलिंग गार्ड रेशम बैगा ने घटना की सूचना दी. जिसके बाद अधिकारियों को सूचना देने सहित घटना की पुष्टि के बाद 24 जनवरी को डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि शुक्रवार 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एसओपीअंतर्गत वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पी.के. चन्दन और मुंगेली जिला के शासकीय पशु चिकित्सकों ने एनटीसीए के प्रतिनिधि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर के प्रतिनिधि के समक्ष पोस्टमार्टम कराया गया ।

गरमा-गरम



नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

सभी वर्गों को एकजुट कर बनाई एक साथ चलने की रणनीति

भाजपा की मैराथन बैठक में नामों पर लगी मुहर

रायपुर /नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों के बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय में भाजपा की मैराथन बैठकों का दौर चला। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में विभिन्न बैठक होने के प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में चुनावों को लेकर कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया जा रहा कि बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लग गई है।

से भाजपा प्रत्याशियों की सूची आनी शुरू हो जाएगी. बैठक के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी एक-दो दिनों में तय उम्मीदवारों की सूची घोषित हो जाएगी। शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. (सुश्री) सरोज पांडेय, मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, सांसद संतोष पांडे, विधायक लता उसेंडी, पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरत लाल वर्मा, राम जी भारती मौजूद रहे।

कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहीःकौशिक

नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस भाजपा को घेरने में जुटी है। कांग्रेस के आरोपों को नौटंकी करार देते हुए भाजपा के वरिष्ठ विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि यह कोई बीजेपी का निर्णय नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के हिसाब से चुनाव हो रहा है। ओबीसी वर्ग को पर्याप्त टिकट दिया जाएगा। कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

नामों की सूची जिला समिति को भेजी

बैठक के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में संभाग के सभी वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई है। सभी वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मशविरा किया गया है और इस प्रश्न पर विचार-विमर्श हुआ है कि क्या होना चाहिए, किस तरीके से होना चाहिए? इस पर हुई विस्तृत चर्चा के आधार पर जो चयन प्रक्रिया है वह आगे बढ़ेगी। हमारी जो समितियां हैं, मंडल समिति प्रत्याशियों के नामों की सूची जिला समिति को भेजी है। जिला समिति से संभाग और संभाग से प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति तक सारी सूची प्राप्त हो रही है। नगर निगम, ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

हमारा संकल्प विकसित भारत

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रति अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता हेतु

सिकल सेल कार्यक्रम

सिकल सेल एनीमिया के लक्षण

लाल = अत्यंत रक्ताल्पता



विवाह पूर्व निम्न सिकल कुण्डली मिलावें

क्र	पिता	माता	संतानों का संभावित हीमोग्लोबिन पैटर्न (यह बच्चे की पैदाइश का अनुक्रम नहीं दर्शाता)						विवाह संबंधी सलाह
1								सभी सामान्य	करें
2								50% सामान्य 50% वाहक (कैरियर)	करें
3								50% सामान्य 50% वाहक	करें
4								सभी वाहक	करें
5								सभी वाहक	करें
6								25% सामान्य, 25% रोगी, 50% वाहक	सोचें
7								50% रोगी 50% वाहक	ना करें
8								50% रोगी 50% वाहक	ना करें
9								सभी रोगी	ना करें

नोट : क्रमांक 6, 7, 8 एवं 9 पैटर्न वाले स्त्री–पुरुष आपस में विवाह न करें

जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-मुंगेली (छ.ग.)



वेदांता के 'प्रोजेक्ट पंछी' से लड़कियां बनेगी आत्मनिर्भर

बालकोनगर। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता के 'प्रोजेक्ट पंछी' की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पीछे रह गई लड़कियों के जीवन में बदलाव लाना है। यह परियोजना वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल की समाज को वापस देने की सोच को साकार करते हुए, लड़कियों को प्रगति के नए अवसर प्रदान कर रहा है। इस परियोजना से लड़कियां आर्थिक एवं सामाजिक बाधाओं को पार कर अपनी शिक्षा पूरी करने तथा स्थायी आजीविका हासिल करने में सफ्ल होंगी।

'पंछी परियोजना' के अंतर्गत बालको द्वारा चयनित छत्तीसगढ़ की बेटियों को उचित शिक्षा दिलाने तथा उच्च औद्योगिक उपक्रम में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के आवासीय परिसर में रहकर 76 लड़कियां 4 साल के स्नातक में अपनी शिक्षा पूरी कर रही हैं। इस कदम से उन बेटियों को नया कर दिखाने का हौसला मिलेगा जिनकी प्रगति की उड़ान पूरी तरह से थम चुकी थी। 'पंछी परियोजना' की मदद से ये लड़किया विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर दुनिया को यह दिखा सकेंगी कि अगर जज्बे को सही प्रेरणा मिल जाए तो आकाश की ऊंचाइयां इनके मजबूत इरादों के पंखों से जीती जा सकती हैं।

प्रोजेक्ट पंछी लड़कियों को शिक्षा और विकास के सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के साथ आर्थिक परिस्थितियों के कारण टूटे सपने को पूरा कर रहा है। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि इससे बेटियां सशक्त होंगी और समाज को आगे लेकर जाएंगी। बालको द्वारा सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया गया है। वेदांता ने प्रत्येक स्थान पर विशेष चयन प्रक्रिया लागू की है। चयनित होने के बाद इन बेटियों को ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से उच्च शिक्षा दिया जा रहा है। शिक्षा पूरी होने के बाद औपचारिक रूप से मुख्य संचालन में शामिल किया जाएगा। प्रोजेक्ट पंछी वेदांता कंपनी के अन्य व्यावसायिक स्थानों जैसे, ओडिशा के लांजीगढ़, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ में भी चल रहा है।

बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि वेदांता समूह ने स्वावलंबन के क्षेत्र में 'पंछी' परियोजना से अनूठी शुरुआत की है, जो बेटियों को उनके अधूरे सपनों को साकार करने का रास्ता दिखाएगी। वेदांता समूह ने सामुदायिक विकास कार्यों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस परियोजना से हम एक उज्जवल भविष्य की तैयारी कर रहे हैं, जहां ये सशक्त बेटियां अपने जीवन और आसपास के समाज को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वेदांता प्रतिभाओं की तलाश करने और उन्हें देश के विकास में योगदान के लिए तैयार करने की दिशा में कटिबद्ध है।

प्रोजेक्ट पंछी सामाजिक सशक्तिकरण और विविधता के प्रति वेदांता समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो पूरे भारत में इसके विभिन्न व्यवसायों में फैला है। यह परियोजना ग्रामीण समुदाय के भीतर विविधता, समावेशन को बढ़ावा देने और सामाजिक बदलाव लाने के वेदांता के लक्ष्य को दर्शाती है। यह वंचित, दूरदराज के समुदायों में योग्य बेटियों के लिए अवसर प्राप्ति के साथ स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करके धातु एवं खनन क्षेत्र के भीतर जेंडर डायवर्सिटी को बढ़ावा देती है।

गणतंत्र के गौरव बोध का पर्व

नई ऊंचाइयों को पाने और राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों को आत्मसात करने का महान पर्व

(आजादी के महत्व को सच्चे अर्थों में समझने का अवसर)

संजीव ठाकुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरव साली दिवस है। आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी। तब जाकर गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया था। और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1947 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।

क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिज़ा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि ÷राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है÷। राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा। यह सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विकास की नई शाखाएं विज्ञान, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य, स्पेस रिसर्च एवं सामरिक महत्व के कई अविष्कारों पर अपनी प्रगति की छाप छोड़ी है। भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश में चहुमुखी विकास किया है। एवं विदेशों में भी भारतीय लोगों ने अपना परचम फैलाया है। वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण में भारत वासियों ने जिस एकजुटता एवं अपनी जिजीविषा का परिचय देकर इसे प्राप्त किया है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। भारत सरकार ने न सिर्फअपने देश के नागरिकों की रक्षा की है बल्कि विदेशों में गरीब लोगों के लिए दवाइयां एवं इंजेक्शन भी निर्यात किए हैं। गणतंत्र दिवस में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम धार्मिक आडंबर, अंधविश्वास एवं शिक्षा को देश से समूल नष्ट कर बाहर फेंकने का काम करेंगे। स्त्रियों बालिकाओं को उचित सम्मान देकर उनकी शिक्षा उनके सम्मान एवं उनकी सहभागिता को उचित महत्व देकर आगे बढ़ाएंगे। गणतंत्र दिवस को नई कल्पना नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ मनाना होगा।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को एक औपचारिक समारोह के रूप में ना मनाकर नई प्रतिज्ञा, नई शपथ और विकास की ऊंचाइयों को छूने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जिन महान संत संग्राम सेनानियों ने और नागरिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है उनको नमन एवं श्रद्धांजलि देते हुए हम नए संकल्प के साथ कि भारत को नई ऊंचाइयों में पहुंचा कर विश्व गुरु बनाने की प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। शुभकामनाओं तथा बधाइयों के साथ।

कविता

संजीव-नी। आजादी के मायने। बहुत पहले
लकड़ी बीनते गोबर-थापते,
कोमल पतले हाथ।
भारी कदमों और गोलियों की आवाज,
चाबुक की सायं सायं से
भयभीत युवती? वही झंडा लिए हुए
खादी पहने टोपी धारियों की इंकलाबी आवाजों को
अपनेपन से महसूस करते हुए, बरबस उसके हाथ भी तिरंगे और
इंकलाब बोलने के लिए उठ जाते थे।
जय हिंद जय भारत की आवाज मुंह से
निकल जाती थी, और रक्त की धमनियों में रफ्तार तेज हो जाती थी।
और तब सेनानियों को गोबर के कंडे और लकड़ियों
को बाजार में बेचकर देती थी मदद चंद पैसों की
इंकलाब के नाम पर, और अब जब तिरंगा लहरा रहा है
लाल किले की प्राचीर पर
आन बान और शान से, अब गोबर से कंडा बनाते,
लकड़िया बीनते वही बुढ़िया परेशान है।
खद्दर धारियों के चंदे की जबरिया मांगों से।
और बारिश में टूटी झोपड़ी
की मरम्मत के लिए
दफ्तरों के चक्कर काटते हुए।

मुकेश ऋषि

''26 जनवरी, 2025 के दिन देष अपना 76वॉ गणतंत्र दिवस मना रहा है। समय के इस पड़ाव तक पहुँचने की इस यात्रा में यह दिखने लगा है कि हमने गण को पीछे छोड़ दिया है और जो तंत्र-गण की सेवा के लिए बनाया गया था, वह गण का मालिक बन बैठा है। आजादी के बाद हमने अपने देष के विकास के लिए जिस गणतंत्र को विकसित किया था, उसमें अब 'तंत्र' ज्यादा महत्वपूर्ण व अहम हो गया है और 'गण' निरंतर हाषिए पर धकेला जा रहा है; जबकि गणतंत्र में गण मुख्य है और उसके विकास के निमित एक व्यवस्था का नाम 'तंत्र' है। गणतंत्र का अर्थ ही है-एक ऐसा तंत्र, षासन की एक ऐसी मषीनरी जो गण के लिए यानी सामान्य जन के लिए काम करती हो, जो सामान्य जन का सम्मान करती हो, जो सामान्य जन के प्रति हर स्थिति-परस्थिति में जवाबदेही हो। ''लोकतंत्र से तात्पर्य सिर्फषासन-व्यवस्था से नहीं होता, बल्कि इसमें निजी व सामाजिक जीवन जीने का तरीका भी षामिल होता है। प्रजातंत्र या लोकतंत्र भी एक संस्कृति की तरह है, जिसमें कुछ बातें बहुत जरूरी हैं। पहला-नागरिकों में सवाल उठाने का साहस हो। दूसरा-ऊपर से नीचे की तरफ लगातार चलने वाली जवाबदेही की व्यवस्था हो। तीसरा-छोटे से लेकर बड़े स्तर तक, जनसाधारण से जुड़े फैसलों में लोगों की भागीदारी हो। चैथा-आपसी मतभेदों को सुनने, सम्मान करने व सीखने का खुलापन हो और पॉचवॉ-राष्ट्रीय संसाधनों और विकास के फ्लों के बॅटवारे की दिषा नीचे से ऊपर की तरफ हो। ''आज हमारे देष में लगभग 40 फीसदी आबादी 18 साल से कम आयु की है, लेकिन इनकी षिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर जीडीपी का करीब चार प्रतिषत हिस्सा ही मात्र खरच किया जाता है; जबकि इसे बढ़ाया जाना चाहिए। हमारे लोकतंत्र का पहला पाठ घर और स्कूलों से षुरू होना चाहिए। बच्चों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों की सीख देनी चाहिए। साथ ही उनके बारे में लिए जा रहे फैसलों में उनकी भागीदारी भी होनी चाहिए। देष के युवाओं को आगे बढ़कर यहॉ फैली बुराइयों, अपराधों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और समाज को उस आवाज का सम्मान करना सीखना चाहिए। ''देष को 15 अगस्त, 1947 को आजादी का उपहार मिला और 26 जनवरी 1950 को यह एक गणतंत्र राष्ट्र घोषित हुआ, इसका संविधान बना और इससे लोगों को अपने मौलिक अधिकारों का ज्ञान हुआ और बराबरी का एहसास भी हुआ। देष में विदेषी षासन तो 15 अगस्त, 1947 को ही समाप्त हो गया था, लेकिन स्वराज्य देष में तभी षुरू हुआ, जब यहॉ संविधान को लागू करके इसे एक गणतंत्र राष्ट्र घोषित किया। संविधान हमें एक राष्ट्र के रूप में कुछ उदात आदर्षों व लक्ष्यों का पालन करने व उसे महसूस करने की आजादी व उसकी सीमारेखा बताता है। ''यह संविधान केवल षासन के काम-काज के निर्देष नहीं देता, बल्कि यह देष के नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों को भी निर्देषित करता है, रेखांकित करता है। इस तरह यदि स्वतंत्रता दिवस आजादी के उत्सव का दिन है तो गणतंत्र दिवस आत्मनिरीक्षण का पर्व है कि हमने इस गणतंत्र द्वारा प्रगति के कितने सोपान तय किए है, अपनी आजादी को हम किन अर्थों में जी रहे हैं? इसके द्वारा देष में कितने खुषहाली है? कितना विकास हुआ है और किन अर्थों में हम पिछड़े हुए हैं? वे कौन से मुद्दे देष में उभर आए हैं, जिन्हें सुलझाने की आज जरूरत है? हमारे तंत्र में ऐसी क्या खामियॉ है, जिनके कारण देष का विकास अवरूद्ध हो रहा है और ऐसे क्या गुण हैं, जिनके कारण हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं?'' ''अखंड भारत के वास्तुकार, देष के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल का गणतंत्र दिवस पर दिया गया एक भाषण आज भी बहुत प्रासंगिक है, यह भाषण 'लाइफ एंड वर्क ऑफसरदार बल्लभभाई पटेल' से उद्धृत है-'भारत के इतिहास का एक नया अध्याय हमारे सामने खुल रहा है। हमारे पास अपने आप को बधाई देने की वजह है कि हम सब मुबारक मौके के भागीदार बन रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व का भी अवसर है, लेकिन इस गौरव बोध और जष्न के साथ हमें अपने कर्तव्यों और दायित्वों को भी याद रखने की जरूरत है। हमें अपने दिल व दिमाग को साफ करके खुद से, नए गणराज्य से और देष से यह वादा करना चाहिए कि हम इसके प्रति ईमानदार आचरण करेंगे। हमें यह याद रखने की जरूरत है कि हम कौन हैं? हमें क्या विरासत मिली है और हमने क्या हासिल किया हैं?' ''आज आप भारत के इतिहास पर निगाह डालें तो देखेंगे कि भारत सदियों तक गुलामी में छटपटाता रहा।

सदियों पुरानी इस पीड़ादायक स्थिति से इसे मुक्ति दिलाने के लिए हम सबने लंबा संघर्ष किया, अनगिनत बलिदान दिए, काफी तकलीफें उठाई। हमें हमारे हिस्से से कहीं ज्यादा कठिनाइयॉ और मुसीबतें विरासत में मिली हैं, मगर हम खुषकिस्मत हैं कि इनमें से अनेक मुष्किलों से हमने पार पा लिया है; जबकि अनेक परेषानियॉ अब भी हमारा रास्ता देख रही हैं।

आज का दिन...

हमारे देश के लिए आज का दिन इतिहास में एक गौरवशाली और स्वर्ण अक्षरों में अंकित दिन है। आज यहां पर हम सब 26 जनवरी का किन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह दिन हमें हमारे संविधान की याद दिलाता है, जोकि 26 जनवरी साल 1950 में लागू किया गया था।

विविधता में एकता...

विविधता में एकता की मिसाल वाले भारत देश का संविधान इस बात को सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक को एक समान अधिकार मिले, चाहे उसका धर्म, जाति, भाषा, या क्षेत्र कुछ भी रहा हो। लोकतंत्र के इस उत्सव की भावना हर व्यक्ति की आवाज सुनना है और उसके अधिकारों की रक्षा करना भी।

सिर्फअधिकार ही नहीं...

सिर्फअधिकार ही नहीं आज का दिन हमें हमारे कर्तव्यों के प्रति भी सजग करके इसकी याद दिलाता है। हमारा लक्ष्य केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए भी योगदान देना होना चाहिए। एक विकसित और सशक्त भारत के लिए हमें ईमानदारी, शिक्षा और परिश्रम को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा।

पुण्यभूमि भारत

रोशन साहू

जन मन के होठों में हो, जन-गण-मन का गान।
जैसे पवित्र बाइबिल गुरुवाणी,गीता वेद कुरान।।
सबको देता अवसर समता, भारत का संविधान।
जन के लिए ,जन द्वारा, बना शासन का विधान।।
विश्व प्राण है आर्यावर्त, गौरव का हम ध्यान रखें।
देश में हो चाहे परदेश,तिरंगा का सदा मान रखें।।
मनुजता का उत्कर्ष यहाँ,संस्कृति का अभ्युदय।
सत्य,प्रेम ,करुणा ,ममता,भाव भरे हैं हर हृदय।।
चलते चलें हम रुके नहीं,राष्ट्रध्वज न झुके कभी।
राष्ट्र धर्म हो सबसे ऊँचा,माँ भारती न दुखे कभी।।

जाति पंथ मज़हब न घेरे, देश धर्म से मुँह न फेरें।
बन पाए न स्वारथ के डेरे, कभी करें न तेरे-मेरे।। नही जमीन का बस टुकड़ा, पुण्यभूमि है भारत।
अर्चन,अर्पण,समर्पण की, ये तपोभूमि है भारत।। यह जग हमको देख रहा, आशा भरी निगाहों से। गैरों को भी गले लगाया, सबको लिया पनाहों में।। बन बैठे जो देश के दुश्मन, हाथों पत्थर फेक रहे।जान गया जगत सारा, स्वार्थ अपना ही देख रहे।।
हो कृतज्ञ शीश नवाएँ, कृतघ्नता अच्छी बात नहीं।
हिन्दुस्तान है सबसे प्यारा,है बस सच्ची बात यही।।

गणतंत्र दिवस राष्ट्र की आत्मा का उत्सव

उमा मेहता त्रिवेदी

26 जनवरी, जो भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। इस दिन वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था और भारत एक गणतंत्र राष्ट्र बना था। गणतंत्र दिवस,राष्ट्र की आत्मा का उत्सव है, जहां हम अपनी विविधता में एकता का जश्न मनाते हैं। इस दिन देश भर में भव्य समारोह आयोजित किए जाते हैं। राजधानी दिल्ली में मुख्य समारोह होता है, जहां राष्ट्रपति ध्वजारोहण करते हैं और संदेश देते हैं। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों की झांकियां भी निकाली जाती हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और समृद्धि को प्रदर्शित करती हैं। गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं। यह हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाता है। यह दिन हमें अपने देश की रक्षा के लिए संकल्पित होने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन का महत्व केवल एक दिन तक सीमित नहीं है। हमें हर दिन अपने संविधान के आदर्शों को अपनाना चाहिए और अपने देश को एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

QUIZ TIME

1) विश्व में मक्का के पेटी किस देश में पायी जाती है?

2) विश्व में लंबे रेशें के कपास का सबसे बड़ा उत्पादक एवं निर्यातक देश कौन सा है?

3) सामान्य जीवन निर्वहन कृषि श्रीलंका में किस नाम से जानी जाती है?

4) कौन-सा महासागर हेरिंग पॉण्ड के नाम से जाना जाता है?

5) किसे संगीत कलानिधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

(1) अमेरिका (2) अमेरिका (3) चेना (4) अटलांटिक महासागर (5) टी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - ...

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बंदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 307 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:17, सूर्यास्तः : 05:50, चन्द्रोदयः : 28:32, चन्द्रास्तः :13:36, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु :? शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : मूल, योग : व्याघात, प्रथम करण : बव (08:03 तक), द्वितीय करण : बालव (20:31 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:51, अमृत काल : 23:09 से 24:50, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:58,गोधूलि मुहूर्त : 17:45 से 18:12, सायाह्न सन्ध्या : 17:48 से 19:08, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:56, राहुकाल : 16:30 से 18:10, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:49 से 15:09, दुर्मुहूर्त : 07:11 से 07:53, होमाहुति : राहु, दिशा शूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : पूर्व, अग्निवास : पाताल (20:31 से पृथ्वी), चन्द्र वास : उत्तर, शिववास : कैलाश पर (20:31 से नन्दी पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। स्वभाव से विनोदी रहेंगे व्यस्तता से समय निकाल कुछ समय के लिये प्रियजनों के साथ मसखरी करेंगे।

वृषः आज के दिन आप सभी क्षेत्रों से ज्यादा ही उम्मीद लगाए रहेंगे परन्तु सफलता कुछ एक मे ही मिल सकेगी। सरकारी कार्य भी आज कुछ कमी रहने से अपूर्ण रह सकते है ।

मिथुनः आज आपका दिमाग इधर उधर की बातों में ज्यादा रहेगा। अपने काम छोड़ पराई समस्यों में उलझेंगे बिना मांगे सलाह देना बाद में भारी पड़ जायेगा।

कर्कः आज के दिन बुद्धि विवेक की कमी रहने पर भी आपका व्यक्तित्त्व निखरा हुआ रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान के साथ भविष्य में लाभ के द्वार भी खुलेंगे।

सिंहः आज आप मानसिक रूप से शांत रहने का प्रयास करेंगे लेकिन मध्यान और संध्या बाद के समय किसी न किसी से विवाद होने की संभावना है।

कन्याः आज भी दिन आर्थिक दृष्टिकोण से सुधार वाला रहेगा फिर भी धन को लेकर आज आप संतुष्ट नही रहेंगे।

तुलाः आज आपका संतोषि स्वभाव विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाये रखेगा।

वृश्चिकः आज दिन भर आप विपरीत लिंगीय आकर्षण में बंधे रहेंगे। अपने काम को छोड़ अनर्गल प्रवृतियों में समय और धन बर्बाद करने से घर और समाज मे सम्मान खो सकते है।

धनुः आज का दिन आपके लिये हानिकर रहेगा। जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे पहले धन का अभाव फिर सहयोग की कमी बाधक बनेगी।

मकरः आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा किसी मनोकामना पूर्ति ना होने का दुख आज भी रह सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि दायक रहेगा।

मीनः आज मध्यान तक शारीरिक रूप से शिथिलता बनी रहेगी।

■ न्यूज गैलरी

गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होगा आयोजित

जांजगीर-चांपा। जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि का सुबह 8.59 बजे मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा। वे प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रातः 9.03 बजे मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन एवं उद्बोधन किया जाएगा। प्रातः 9.20 बजे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभाग द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस पर मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मंत्री श्री वर्मा परेड का निरीक्षण करेंगे एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियों का प्रस्तुतिकरण एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

निगम पार्षद के लिए चौथे दिन 16 नामांकन पत्र जमा किए गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के चौथे दिन आज नगर निगम चुनाव के लिए 16 पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 15 से श्री विनोद यादव बीजेपी से, वार्ड क्रमांक 17 से श्री भास्कर यादव इंडियन नेशनल कांगेस, वार्ड क्रमांक 11 से निधी खोब्रागडे कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 64 से नीरज सोनी कांगेस, वार्ड क्रमांक 67 से दिनेश सूर्यवंशी कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 31 से शहजादी बेगम कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 33 से रंगा नादम बीजेपी, वार्ड क्रमांक 34 से एकता साहू बीजेपी, वार्ड क्रमांक 35 से ी गजेन्द्र श्रीवास्तव कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 37 से लक्ष्मी रजक बीजेपी, वार्ड क्रमांक 4 से दिनेश कुमार सतनामी कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 44 से शबाना कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 21 से श्रीमती सुशीला खजुरिया निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 23 से श्रीमती गीता जायसवाल कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 28 से प्रशांत पाण्डेय कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 30 से श्रवण श्रीवास्तव कांग्रेस ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। वहीं महापौर के लिए एक भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है। नाम निर्देशन पत्र 28 जनवरी तक जमा किए जा सकेंगे। वहीं पार्षद पद के चुनाव लड़ने के इच्छुक 79 लोगों ने आज निक्षेप राशि जमाकर निर्देशन पत्र इश्यू कराए हैं। वहीं महापौर के लिए चुनाव लड़ने इच्छुक 01 प्रत्याशी कमलेश पटेल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निक्षेप राशि जमाकर नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराए हैं।

नाम निर्देशन के तीसरे दिन नपा कांकेर पार्षद के लिए 21और अध्यक्ष पद हेतु 2 ने खरीदे आवेदन

कांकेर। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु नाम निर्देशन पत्र का आज तीसरे दिवस नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत पार्षद के लिए 21 और नगरपालिका अध्यक्ष हेतु 02 सम्भावित अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे। इस प्रकार अब तक कुल 40 आवेदन विक्रय हुए हैं। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी, नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 29 जनवरी तथा नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी दोपहर 03 बजे तक, मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होना तय है। नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए सुबह 10 से सायं 5.30 बजे तथा 03 बजे तक नाम-निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं। इसी तरह जिले की नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में भी नाम-निर्देशन पत्र के विक्रय एवं भरे हुए प्रपत्र को प्राप्त की प्रक्रिया जारी है। शनिवार 25 जनवरी 2025 को सभी नगरीय निकायों में नाम-निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि 25 जनवरी को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

नगरीय, पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से कराया गया अवगत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर्स (नगरीय पंचायत स्तर) को उप जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा की अध्यक्षता में आज नगरीय, पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को इस निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य मास्टर ट्रेनर्स श्री माधव राव रेड्डी एवं श्री आलोक सोनवाने ने अन्य मास्टर ट्रेनर्स को बताया कि सभी निर्वाचनों में स्थानीय निकायों के निर्वाचन बेहद संवेदनशील होते है, पंचायत निर्वाचन एक अलग ही स्तर पर होते है। यहां एक साथ चार पदों के लिए निर्वाचन होता है और मतदान का प्रतिशत भी बहुत अधिक होता है, जबकि मतदान का समय बहुत कम होता है। पंचायत निर्वाचन में न केवल मतदान होता है, बल्कि मतदान केन्द्र पर ही मतगणना होती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आपको न केवल अपने कार्य को गंभीरता से लेना चाहिए बल्कि मतदान और मतगणना के भी सभी तकनीकी पहलुओं और बारीकियों को आत्मसात कर लेना चाहिए। मतदान अधिकारी क्रं.-01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। यह ध्यान रखना होगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी। मतदान अधिकारी क्रं. 2 व 3 क्रमशः सरपंच एवं पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों और जनपद व जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के प्रभारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्र. 4 मतपेटी का प्रभारी होगा। पीठासीन अधिकारी पूरे दल का मुखिया होगा, पूरी मतदान व्यवस्था उसी के देख रेख में और नियंत्रण में होगी। मतदान दल एक टीम की तरह कार्य करेगी।

मतदान दल अधिकारी क्रं. 01 चिन्हित प्रति और अमिट स्याही का प्रभारी होगा। मतदाता मतदान केन्द्र पर सबसे पहले उसी के पास आयेगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 18 पहचान पत्रों में से किसी के माध्यम से मतदाता की पहचान कर लेने के बाद उसे मतदान के लिए आगे भेजेगा।

ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर होते है चार पदों पर मतदान

ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग- अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा-सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद)। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है। ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी रहेगें।

किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत् युवा मतदाताओं को स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना के लिए किया प्रोत्साहित

बीजापुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को बीजापुर स्थित आडिटोरियम में हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम जिला स्तर के अलावा जिले के सभी मतदान केन्द्रों एवं ब्लाक मुख्यालय मे आयोजित हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने स्कूली बच्चों युवा वोटर्स एवं उपस्थित जन समुदाय को स्वस्थ लोकतंत्र के स्थापना के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने एवं प्रत्येक मत की कीमत को विस्तार पूर्वक बताया। वहीं स्थानीय निर्वाचन, पंचायत एवं नगरीय निकाय तथा विधानसभा एवं लोकसभा के निर्वाचन में प्रतिनिधियों के चुनाव संबंधी जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन कार्यो में अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले बूथ लेवल आफिसर, स्वीप के नोडल अधिकारी सहित निर्वाचन के विभिन्न चरणों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया एवं नवीन मतदाताओं जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनको बैच लगाकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित जनों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, लोक तांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, जाति, वर्ग , समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने एवं मतदाता जागरुकता अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम पंचारी, सहायक आयुक्त डॉ. आनंद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया एवं जाकिर खान सहित अधिकारी-कर्मचारी, युवा मतदाता, बीएलओ ,स्कूली विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मतदाता दिवस पर नए युवा मतदाताओं को मिला ईपिक कार्ड

■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नये युवा मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ''भारत के संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को पृथक-पृथक अधिकार प्रदत्त है, और देश के संविधान में मतदाता को प्रदत्त जो मताधिकार प्राप्त है वह लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में महत्वपूर्ण है। मतदाता के पास मताधिकार के रूप में बड़ी ताकत है, जो विधायिका के निर्वाचन में अहम भूमिका निभाता है और प्रजातांत्रिक प्रणाली में वह सजग होकर जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन को पूरा करता है। वर्तमान दौर में इस महत्ती प्रक्रिया में युवा मतदाताओं की अहम भूमिका है, अतः अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ मताधिकार का प्रयोग करें। जिससे लोकतंत्र को और मजबूती प्रदान किया जा सकें''। आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता उक्त आशय के साथ विचार प्रकट किए। उन्होंने युवा मतदाताओं को शुभकामनाएं देते कहा कि आज युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने सहित उन्हे ईपिक कार्ड मिल रहा है। इन युवा मतदाताओं के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी है। वे हरेक निर्वाचन में सजगता के साथ मताधिकार कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय सहभागिता निभायें। अतिशीघ्र नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन सम्पन्न होने वाले हैं, अतः युवा मतदाता उसमें जनप्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए मतदाता दिवस पर लिये गये शपथ को सार्थक साबित करें। विगत लोकसभा निर्वाचन में इस क्षेत्र में लगभग 10 प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत बढ़ा जिसका पूरा श्रेय युवाओं को है। इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत का बढ़ना बहुत मायने रखता है। इसके साथ ही जिले एवं सत्र न्यायाधीश श्री होता ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नये मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई।

बालिका दिवस पर ग्राम कुपेर और गुमड़ा में हुआ आयोजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत दिवस ''बालिका दिवस'' के अवसर पर जिले के ग्राम कुपेर और गुमड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में ग्राम के बच्चों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और युवोदय के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देना था। उक्त कार्यक्रम में बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। साथ ही ''एक पेड़ बालिका के नाम'' पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान बनाने के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन (एस्पीरेशन भारत कोलेबेरिटीव) गांधी फेलो सुश्री सिद्धि एवं ज्योति के अलावा ग्रामीण समुदाय उपस्थित थे।

मुख्य समारोह में मुख्यअतिथि विधायक चैतराम अटामी होंगे

बीजापुर। जिले में गणतंत्र दिवस की गरिमामय आयोजन हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 26 जनवरी को मुख्य अतिथि दंतेवाडा विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा ध्वज फहराया जाएगा। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस हेतु रिहर्सल कार्यक्रम हुआ संपन्न

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ स्थित आमाखेरवा ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन के लिए चल रही परेड रिहर्सल आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में आयोजित इस रिहर्सल का आज आखिरी दिन था। परेड रिहर्सल में फर्स्ट कमांडर, आरआई हेमंत टोप्पो और सेकंड कमांडर एएसआई अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में 8 प्लाटून कमांडर, 18 वीं बटालियन, जिला पुलिस, नगर सेना, वन विभाग, और स्काउट-गाइड के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, उप पुलिस अधीक्षक एलेक्स टोप्पो जिला सीईओ श्रीमती अंकिता सोम और एसडीएम लिंगराज सिदार, ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ अभ्यास किया। अधिकारियों ने रिहर्सल की सराहना की । आमाखेरवा ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह की भव्यता देखने को मिलेगी।

नगरीय निकाय अंतर्गत महापौर के लिए 1 एवं पार्षद पद हेतु 39 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकायों के लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत आज तीसरे दिन 24 जनवरी को महापौर पद के लिए 01 अभ्यर्थी वार्ड क्रमांक-34 से कांति चौहान उर्फ रानी चौहान द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 39 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। नगर पालिका एवं विभिन्न नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। वहीं पार्षद पद के लिए 50 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 1 तथा पार्षद पद हेतु 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 7, नगर पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद हेतु 22, नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं पार्षद पद के लिए 6 अभ्यर्थी, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 9 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नगर पंचायत लैलूंगा निरंक रहा।

मतदान का अधिकार ... राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर गीता नेवारे ने दिलाई शपथ

नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान कर किया सम्मानित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। 25 जनवरी 2025/ राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा निर्वाचन एवं स्वीप गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया गया है। इस दौरान युवाओं द्वारा नुक्कड़-नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर गीता नेवारे, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर राजेन्द्र कुमार वर्मा, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर प्रियंका अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रविन्दर कौर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर गीता नेवारे ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदाता दिवस हमारे मतदाताओं एवं युवा मतदाताओं को समर्पित किया गया मतदान का अधिकार हम सबको मिला है लेकिन उसके साथ ही साथ हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने को लेकर उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर गीता नेवारे ने सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ दिलाई। इसके साथ ही अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर राजेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविन्दर कौर ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ाकाश छिकारा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में मजबूत लोकतंत्र का आधार मतदाता है। इस दौरान उन्होंने युवाओ को लोकतंत्र में मतदाताओं को जो जिम्मेदारी और अधिकार दिए गए हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने मतदान दल के अधिकारियों से कहा कि वे

मतदान दलों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रशिक्षण स्थल पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय जांजगीर क्रमांक 1 एवं पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय चांपा में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रथम चरण प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को ईवीएम संचालन सहित अन्य प्रक्रियाओं का बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें सभी मतदान अधिकारियों से कहा कि मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान करें और प्रशिक्षण के बिन्दुओं को नोट करें।

■ न्यूज गैलरी

खेती-किसानी से जुड़ा व्यवसाय करने बड़ौदा आरसेटी में निःशुल्क प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में कृषि उद्यमियों को 13 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से आगामी 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान की निदेशक सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि यह प्रशिक्षण आवासीय सुविधायुक्त होगा। इसके लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, परिचय पत्र की फोटो और चार पासपोर्ट साईज के फोटो के आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा किया जा सकता है। प्रशिक्षण के बाद बैंक द्वारा ऋण सुविधा के लिए परामर्श भी दिया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899-43193 और 88394-68509 पर सम्पर्क किया जा सकता है। गौरतलब है कि प्रशिक्षण के दौरान कृषि की नई परिदृश्य एवं गतिविधियां, भारत में मानसून पैटर्न एवं भारतीय कृषि पर प्रभाव, मिट्टी परीक्षण, वर्तमान खेती एवं जैविक खेती की तुलना, उर्वरक एवं जैविक खाद का उपयोग, लाभकारी कीड़ों एवं अन्य सूक्ष्म जीवों की भूमिका, उत्पादन में गुणवत्तापूर्ण बीजों की भूमिका इसका महत्व एवं अपनाई जाने वाली पद्धतियां, कुशल सिंचाई पद्धति, स्प्रिंकलर सिंचाई और ड्रिप सिंचाई, छोटे और सीमांत किसानों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली, क्षेत्र की प्रमुख फसलों के सामान्य कीड़े और बीमारियों से नियंत्रण, प्रमुख बागवानी फसलें, उच्च तकनीक कृषि में नवीनतम मशीनरी और उपकरणों का उपयोग, मछलीपालन, डेयरी फार्मिंग हेतु नस्ले, नस्लों का चयन, कृत्रिम गर्भाधान, डेयरी पशुओं का पोषण और आहार, चारा तैयार करना, अजोला चारा फसलों का उपयोग, भेड़ पालन, सुअर पालन, खरगोश पालन, मुर्गी पालन इत्यादि की जानकारी दी जाएगी।

नेताजी की चलती तो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ही हमारा देश स्वतंत्र हो गया होता

राजनांदगांव। प्रखर राष्ट्रभक्त नेता जी सुभाष चन्द्र बोस

जयंती अवसर पर छत्तीसगढ़ साहित्य समिति द्वारा साहित्यिक आयोजन कर ओज पूर्ण काव्य पाठ के बीच पराक्रम दिवस मनाया गया। साहित्य समिति के संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी व अशोक चौधरी की उपस्थिति में मिथिला धाम श्री गणेश मंदिर में आयोजित साहित्यिक आयोजन की अध्यक्षता कमला कालेज के प्रोफेसर व चिंतक के, के द्विवेदी ने की। इस दौरान नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हुए किसान नेता व चिंतक अशोक चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते समय यदि नेता जी को उस समय के कांग्रेसियों का साथ मिलता तो हमारा देश भारत द्वितीय विश्व युद्ध के समय ही स्वतंत्र हो गया होता। लेकिन दुर्भाग्य कि ऐसा हो न सका। छ0ग0 राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य ने काव्यात्मक शैली में नेता जी को नमन करते हुए कहा - ?देश के लिए की लड़ाई अथक,,यह श्रेय नेता जी को है।

मतदान लोकतंत्र का आधार, मतदाता आधार स्तंभ : कलेक्टर गांधी

■ **हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने कलेक्टर की अपील**

धमतरी/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान धमतरी में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने नये मतदाताओं का स्वागत किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है और मतदाता आधार स्तंभ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं को हर एक निर्वाचन में बढ़-चढ़कर वोट डालने चाहिए। हर एक मतदाता का वोट कीमती है और उसकी अपनी अहमियत है। उन्होंने नए मतदाताओं को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने पर बधाई दी।

कलेक्टर ने कहा कि बिना भेदभाव के मत देने का अधिकार देने वाले भारत देश और उसके संविधान पर हमें गर्व होना चाहिए। कलेक्टर सुश्री गांधी ने आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन सहित सभी निर्वाचनों में जिले के मतदाताओं से अपने-अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सेल्फी जोन में नए मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक सेल्फी भी ली। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे देश में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नागरिकों को निर्वाचनों में मत देने का अधिकार मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रीति दुर्गम ने मतदान संबंधी रूपरेखा एवं मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिले में पहली बार वोट डालने के लिए नए मतदाताओं कों रंगीन मतदाता फोटो परिचय पत्रों का भी वितरण किया गया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को हर एक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के श्री आकाश गिरी गोस्वामी एव दल द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-जामपानी के बूथ लेबल अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा नेताम, विधानसभा कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 159-नवागांव के बूथ लेबल अधिकारी श्री खेमनसिंग कंवर और विधानसभा धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 47 परेवाडीह के बूथ लेबल अधिकारी श्री उमेश कुमार जोशी को प्रशस्ति पत्र तथा नगद पुरस्कार दिया गया।

सफल निर्वाचन के लिए संपूर्ण जिला प्रशासन बधाई के पात्र : रीना बाबासाहब कंगाले

मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन कार्य में जिले के उत्कृष्ठ कर्मचारी को किया गया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहब कंगाले ने निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई। इस कार्यक्रम में निर्वाचन गीतकार व्याख्यता मीनाक्षी केशरवानी द्वारा गाई गई निर्वाचन गीत का विमोचन किया गया। साथ ही उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अलावा नए मतदाता को इपिक कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहब कंगाले जिला प्रशासन रायपुर को सफल निर्वाचन कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायपुर राजधानी होने के साथ-साथ सबसे अधिक विधानसभा क्षेत्र वाला जिला है। यहां पर शहरी जनसंख्या अन्य जिलों की अपेक्षा ज्यादा है। यहाँ चुनाव कराना अपने आप में अलग प्रकार की चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद पिछ्ले लोकसभा चुनाव के तुलना में मतदान का प्रतिशत जहां देश के अन्य भागों में कम हुआ और यहां पहले के अपेक्षा मतदान में बढ़ोत्तरी हुई। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर निर्वाचन कार्य में संलग्न अग्रिम पंक्ति के बीएलओ सहित अन्य कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। श्रीमती कंगाले ने कहा कि निर्वाचन ऐसा कार्य है जिसमें सभी विभाग बिना किसी भेद भाव के और सभी वर्ग के अधिकारीगण उत्साह के साथ भाग लेते हैं। उनके जज्बें को देखते हुए ये आयोजन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह ने कहा कि मतदाता दिवस का आयोजन हर वर्ष के अपेक्षा इस वर्ष अलग है, क्योंकि हमारे जिला प्रशासन द्वारा पिछ्ले एक वर्ष में दो चुनाव संपन्न कराएं है और तीसरा चुनाव कराने जा रहे हैं। रायपुर जिला प्रशासन ने राज्य निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण निर्वाचन और इत्यादि में कुछ नवाचार किए जिसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर भी हुई। इसके लिए चुनाव कार्य में लगे सारे कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। यह पुरस्कार प्रतीकात्मक है। यदि किसी विभाग के एक कर्मचारी को यह सम्मान मिल रहा है तो यह उसके पूरे विभाग के लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे उपस्थित रहे।

नेताजी के साहस को याद किया

पैराडाइज स्कूल में मनाई गई आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में 23 जनवरी को आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गयी। जिसमे उनकी साहस एवं उनके संघर्ष को याद करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया गया। जिसमें छात्रा अलिना अली ने उनके कुछ पक्तियों को बताते हुये कहा कि''स्वतंत्रता दी नहीं जाती, ली जाती है।''बुशरा फातिमा ने कहा ''उन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना खून बहाकर देश के प्रति अपना कर्तव्य को निभाया। हम अपने बलिदान और परिश्रम से जो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे, उसे हम अपनी शक्ति से बचाए रख सकेंगे।'' चेष्टा नेताम ने उनकी जीवनी के बारे में बताते हुये कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भागीदारी उल्लेखनीय थी। वे एक बहादुर और साहसी नेता थे। अंग्रेजों के खिलाफलड़ाई में भगवद गीता से गहराई से रहे प्रेरित थे, इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नही जा सकता। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। नूरअफ्शा खान ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने ''जय हिन्द'' का नारा दिया था जो आज भी भारत का राष्ट्रीय नारा है। तेजस्वनी शर्मा ने बताया कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा'' का नारा उन्होंने दिया था जो स्वतंत्रता संग्राम के समय अत्यधिक प्रेरणादायक रहा। स्नेह मण्डावी ने नेता जी के बारे में बताते हुये कहा कि एक महान स्वतंत्रता सेनानी और सच्चे देशभक्त थे देश को आजादी दिलाने में उनके बहुमूल्य योगदान को भारत हमेंषा याद रखेगी। इस देशभक्ति एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस.मर्सी, वर्षा रमानी, मेघा सेवा, अवतार सिंह, तीरथ साहू, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, पार्वती गजबल्ला, शिल्पी पालित, देवश्री साहू, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन नोशिद्ध नेताम ने किया।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

दोनो आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त चाकु बरामद

कांकेर/नवप्रदेश।। थाना चारामा पुलिस ने दो दोस्तों के बीच पुरानी आपसी रंजिश को लेकर रास्ता रोककर आरोपी युवको ने युवक पर चाकु से प्राण घातक हमला कर भाग गए।चारामा पुलिस ने दोनों आरोपीयो को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी यश ठाकुर उर्फलक्की पिता संतोष ठाकुर उम्र 18 साल निवासी चारामा वसीम खान पिता अकरम खान उम्र 20 साल निवासी बिजलीपारा चारामा दोनो आरोपी पुलिस हिरासत में है।घटना में प्रयुक्त चाकु भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के.ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व थाना चारामा के अपराध क्रमांक 15/25 धारा 296,126(2)109, 3(5)बीएनएस के प्रकरण में दो आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया । प्रार्थी सुरेश यादव पिता स्व. कार्तिक राम यादव उम्र 44 साल निवासी ग्राम नाकापारा चारामा जिला कांकेर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका लडका प्रवीण यादव 22.जनवरी 25 को रात्रि करीबन 11.00 बजे अपने दोस्त अमन नाग को मोटर सायकल से उसके घर छोडने बाजारपारा जा रहा था कि ग्राम चारामा के धान मंडी के पास खडे यश ठाकुर ऊर्फ लक्की एवं वसीम खान पुरानी बात को लेकर प्रवीण यादव के मोटर सायकल को रोककर उसे मां बहन की अश्लील गालीयां देकर अपने पास रखे धारदार हथियार चाकु से मारकर हत्या करने का प्रयास करते हुए प्राण घातक चोट पहूंचाये है जिससे लडका प्रवीण यादव को पीठ में बांया पसली एवं दाहिना कंधा तथा दाहिने तरफ कमर के ऊपर पसली के नीचे गंभीर चोट आया है।

गणतंत्र दिवस के पूर्व शनिवार को सिंधी स्कूल में दिखा देश प्रेम

स्वतंत्रता संग्राम नायकों की वेशभूषा में नजर आए बच्चे

रायपुर/नवप्रदेश।। शनिवार को रामसागर पारा स्थित सिंधी स्कूल देशप्रेम से ओतप्रोत रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वेशभूषा में पहुंचे बच्चों ने स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्कूल परिसर में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चे भारतमाता, रानी लक्ष्मी बाई, महात्मा गांधी, भगतसिंह एवं चंद्रशेखर की वेशभूषा में नजर आए। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत गाएं एवं जमकर नृत्य कौशल दिखाया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की महत्ता एवं देशप्रेम से जुड़ी स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों के बारे में बच्चों को बताया। प्रधान अध्यापिका अनिता रमनानी ने इस अवसर पर बच्चों को देश से प्रेम करने, अनुशासन का पालन करने एवं अपने साथियों के साथ मिलकर रहने की बात कही। उन्होंने बच्चों को कविता एवं गीत के माध्यम से देशप्रेम एवं भाईचारे की शिक्षा दी। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को चाकलेट एवं बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल एम.एस.अमरावत, प्रधान अध्यापिका श्रीमती अनिता, रमनानी, अंजनीकुमार पाण्डे सहित सभी शिक्षकाएं उपस्थित रहीं।

गर्भवती महिला, विकलांग एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों को चुनाव कार्य से पृथक रखा जावे

गरियाबंद/नवप्रदेश।। अधिकारी/कर्मचारी फैडरेशन के संयोजक व सक्रिय सदस्यों द्वारा आगामी माह फरवरी 2025 में होने वाले जिला पंचायत,जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय चुनाव में 60 वर्ष से अधिक, गंभीर बीमारी से पीड़ित, विकलांग, गर्भवती महिला तथा मातृत्व अवकाश में रहने वाली महिला कर्मी, जिनके स्वयं के तथा पुत्र-पुत्री के विवाह हेतु तिथि पूर्व से निर्धारित हो गई है एवं जिनके धार्मिक यात्रा (कुंभ) हेतु टिकट निश्चित हो गया है ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को चुनाव कार्य से पृथक रखने हेतु आग्रह करते हुए जिलाधीश श्री दीपक अग्रवाल के नाम अपर कलेक्टर श्री अरविंद पांडे को ज्ञापन सोपा!

राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष आर तलवारे एवं फेडरेशन के महामंत्री बसंत त्रिवेदी द्वारा अवगत कराया कि पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में अनुभव रहा है कि कुछ विकलांग, गर्भवती महिला तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसके कारण उक्त समस्या से पीड़ित अधिकारी/कर्मचारियों को चुनाव कार्य से नाम कटवाने हेतु अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा था साथ ही शासन प्रशासन का समय भी अनावश्यक बर्बाद हुआ था ! वर्तमान में ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो इस हेतु चुनाव कार्य में ड्यूटी लगाने के पूर्व ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों को पूर्व से ही चिन्हित कर चुनाव कार्य से पृथक रखने हेतु ज्ञापन सोपा गया है! जिसे अपर कलेक्टर श्री अरविंद पांडे ने गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि इस विषय पर कलेक्टर से आवश्यक चर्चा किया जाएगा तथा इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न ना हो इस हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा ज्ञापन सौपे जाते समय प्रमुख रूप से आर के तलवरे, के पी श्रीवास , सुदामा ठाकुर बसन्त त्रिवेदी, बसंत मिश्रा गौतम ठाकुर, सत्यम कुम्भकार राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

छत्तीसगढ़ के 11 समेत 942 जवानों को मिलेगा वीरता अवार्ड

अग्निशमन सेवा को, 07 नागरिक सुरक्षा-होम गार्ड को और 04 सुधार सेवा को प्रदान किए गए हैं। सराहनीय सेवा के लिए 746 पदक (एमएसएम) में से 634 पुलिस सेवा को, 37 अग्निशमन सेवा को, 39 नागरिक सुरक्षा-होम गार्ड को और 36 सुधार सेवा को प्रदान किए गए हैं।

विशिष्ट सेवा से तहत राज्यवार लिस्ट

विशिष्ट सेवा के तहत अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, केरल, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, पुडुचेरी, असम राइफल्स, एनएसजी, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, एनडीआरएफ, एनसीआरबी, संसदीय मंत्रालय मामले आरएस सचिवालय, रेलवे प्रोटेक्शन, कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश (सुधार सेवा) और उत्तराखंड को एक-एक अवॉर्ड दिया गया।

विशिष्ट सेवा के तहत बिहार, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, सीआईएसएफ, एसएसबी, केरल (फायर डिपार्टमेंट), ओडिशा-उत्तर प्रदेश (होम गार्ड) को दो-दो अवॉर्ड दिया गया. विशिष्ट सेवा के तहत बिहार, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, सीआईएसएफ, एसएसबी, केरल (फायर डिपार्टमेंट), ओडिशा-उत्तर प्रदेश (होम गार्ड) को दो-दो अवॉर्ड दिया गया. दिल्ली पुलिस आईटीबीपी, उत्तर प्रदेश (सुधार सेवा) को 3-3, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से 4-4, उत्तर प्रदेश पुलिस और बीएसएफको 5-5, सीआरपीएफ-सीबीआई 6, आईबी को 8 अवॉर्ड दिया गया।

सीएम साय-डा. रमन से मिले योग गुरु स्वामी रामदेव

रामदेव ने योग को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। योग ऋषि ने भी छत्तीसगढ़ में योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए सहयोग और समर्थन की बात कही. उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

भारत-इंडोनेशिया में ऐतिहासिक संधि

दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि फिनटेक, आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट आफ थिंग्स और डिजीटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को और सशक्त करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भारत अपने अनुभव, जैसे कि मध्याह्न भोजन योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली, इंडोनेशिया के साथ साझा कर रहा है।

भाजपा की मैराथन बैठक में नामों पर लगी मुहर

नगरपालिका और नगर पंचायत के प्रत्याशियों की सूचियां धीरे-धीरे बनकर ऊपर तक आई है. श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी एक-दो दिनों में तय उम्मीदवारों की सूची घोषित हो जाएगी। सभी वर्गों का समावेश कर भारतीय जनता पार्टी सर्वजन सर्वहित और सभी वर्ग को लेकर चलती है समरसता के अनुसार कार्य करती है। भाजपा नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि भाजपा की अपनी एक निश्चित प्रत्याशी चयन प्रक्रिया है और हमारे सभी स्तर पर मंडल चयन समिति, जिला चयन समिति और संभाग चयन समिति की बैठकें हो चुकी है। अब जो हमारे पास पैनल आए हैं, उसे केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखे हैं, जिन पर शीघ्र विचार करके शीघ्र ही महापौर सहित प्रत्याशियों की सूची जारी होगी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत, हड़कंप

रिजर्व के जंगलों में वन्य प्राणी के सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लमनी रेंज के घने जंगल में दो दिन पहले बाघिन की मौत हुई थी। इधर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को यह तक नहीं पता था कि बाघिन की मौत जंगल में हो गई है। इसकी जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों के देने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

निचले स्टाफके भरोसे वन्यप्राणियों की सुरक्षा : एटीआर के जंगलों में अधिकारी से लेकर वनरक्षक भी शाम होते जंगल से निकलकर मैदानी इलाके में निवास करते हैं। जानकारी के अनुसार पूरा जंगल स्टाफ पैदल बेरियल और फॉरेस्ट गार्ड के भरोसे वन्यप्राणियों की सुरक्षा का जिम्मा है. जहां उच्च अधिकारी जंगल निहारने तक नहीं जाते और जब निकलते भी हैं, तब शाम ढलने के पहले ही वापस लौट जाते हैं। जिसका फायदा वनरक्षक सहित निकले स्टाफभी जमकर उठा रहे हैं।

प्रति वर्ष करोड़ रुपए खर्च करती है सरकार:एटीआर में बाघ की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए एनटीसीए के गाइडलाइन अनुसार राज्य और केंद्र सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करते हैं ताकि एटीआर टाइगर को सुरक्षा प्रदान किया जा सके. लेकिन इसमें विभाग के अधिकारियों के द्वारा पलीता लगाने का काम किया जा रहा है. वहीं एटीआर के अफसर बाघों की निगरानी करने के लिए बड़े-बड़े दावा करते हैं लेकिन इस बाघिन की मौत से सभी दावे फेल होते नजर आ रहे हैं. अब सवाल यह उठ रहा है कि इतनी बड़ी राशि कहां खर्च की जा रही है, बावजूद इसके लगातार जंगली जानवरों की मौत हो रही है।

अब मिट रहा...

माओवादियों ने कम से कम नौ सुरक्षाकर्मियों को शहीद कर दिया है. लेकिन माओवादियों पर भारी मार पड़ी है।

अब जंगलों में 600 से अधिक कैडर नहीं रह गए

छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब जंगलों में 600 से अधिक पूर्णकालिक सशस्त्र कैडर नहीं रह गए है। इनमें देवा और हिडमा भी शामिल हैं, जिनका नाम इलाके में सक्रिय सीआरपीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। हिडमा और देवा दोनों सुकमा के पुवर्ती गांव के निवासी थे, यह गांव लगभग चार दशकों तक माओवादियों के नियंत्रण में था, जब तक कि पिछले साल फरवरी में पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा इलाके में एक शिविर स्थापित नहीं किया गया। देवा अब माओवादी सेना की सबसे शक्तिशाली बटालियन नंबर एक का कमांडर है, यह पद पिछले साल कुछ समय तक हिड़मा के पास था, इसके बाद उसे केंद्रीय समिति के सदस्य के पद पर पदोन्नत किया गया। दोनों ने मिलकर सभी बड़े हमलों की योजना बनाई है, जैसे 25 मई 2013 का दरभा घाटी हमला, जिसमें माओवादियों ने कांग्रेस पार्टी के काफिले पर घात लगाकर हमला कर 10 सुरक्षाकर्मियों सहित 27 लोगों को मार गिराया था। इसके अलावा अप्रैल 2021 का हमला भी शामिल है, जब सुकमा-बीजापुर में घात लगाकर किए गए हमले में 22 सुरक्षाकर्मियों को शहीद कर दिया था।

न्यूज गैलरी

क्लास रूम में फैली गंदगी देखकर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित बीआरसाव स्कूल का कलेक्टर राहुल देव ने आज पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के क्लास रूम में फैली गंदगी देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि स्कूल के प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी करें और प्रिंसिपल सहित समस्त स्टॉफ का वेतन रोकने की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने क्लास रूम में बिजली के खुले बोर्ड और टूटी-फूटी बटन देखकर तुरंत मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा खतरे में है। विद्यार्थियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई का अधिकार है। गंदगी और अव्यवस्था न केवल छात्रों की पढ़ाई में बाधा बनती है, बल्कि उनके भविष्य को भी प्रभावित करती है। उन्होंने साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिजली व्यवस्था की जांच और सुधार प्राथमिकता से होनी चाहिए, ताकि किसी दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके। इस दौरान अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार हो रही कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टिंगीपुर में मुरलीधर कौशिक से 6.3 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त किया गया। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम डिघोरा में बहादुर जांगड़े से 6.2 लीटर कच्ची महुआ शराब और 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी विभाग के निरीक्षक बिसेन चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

प्रशिक्षण में 604 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया

151 मतदान दलों को प्रथम चरण का दिया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों के 123 मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए 151 मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 604 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया।

जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाउपारा में आयोजित प्रशिक्षण का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अवलोकन किया और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने मतदान दलों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए मतदान केन्द्रों में विधिवत एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला प्रशासन द्वारा आप सभी को मतदान दल के रूप में जो जिम्मेदारी भी दी गई है, उसे गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना है।

प्रशिक्षण के दौरान आने वाली शंकाओं का प्रशिक्षण में ही समाधान कर लें। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन कराते

हुए शतप्रतिशत मतदान कराना है। यदि किसी असमाजिक तत्वों द्वारा निर्वाचन कार्य को बाधित करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दी जाए। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि जिले के अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए ईव्हीएम मशीन के माध्यम से चुनाव होगा। इस ईव्हीएम की डिजाईन लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में प्रयुक्त ईव्हीएम से अलग है। इसमें वीवीपेट का प्रयोग नहीं होगा। प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक इव्हीएम से दोनों पदों के लिए मतदान होगा। प्रशिक्षण में मतदान सामाग्री प्राप्ति, मतदान केन्द्र व्यवस्था, मतदान उपरांत सामाग्री वापसी सहित मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीएल यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान, मास्टर ट्रेनर राधेश्याम साहू, एनके पुरले, सुनील शर्मा, मोहन उपाध्याय, संजय सोनी, आईपी यादव, जयमंगल सिंह ध्रुव और चन्द्रशेखर उपाध्याय मौजूद रहे। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में निर्वाचन सूचना प्रकाशन 22 जनवरी, नाम निर्देशन 22 से 28 जनवरी, संविक्षा 29 जनवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। मतदान 11 फरवरी को होगा। जिले के सभी नगरीय निकायों के 65 हजार 968 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, इनमें 32 हजार 560 पुरूष मतदाता, 33 हजार 405 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

रिहर्सल में अपर कलेक्टर ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण किया

जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस आज गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। 26 जनवरी का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने संयुक्त रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह के अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया।

इस रिहर्सल में अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण किया। रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट अभ्यास किया गया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन

अधिकारी प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 26 जनवरी का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रातः 9.02 बजे राष्ट्रगान, 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.35 बजे हर्ष फायर, स्कूली बच्चों द्वारा 10.10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और 10.40 बजे विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

ड्रग डिस्पोजल समिति ने किया 3.5 क्विंटल गांजा का नष्टीकरण

पेंड्रा/नवप्रदेश। जीपीएम जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमिटी द्वारा जिले के थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कुल 8 मामलों में जप्त शुदा मादक पदार्थ 346 किलोग्राम गांजा का दिनांक 24 जनवरी 2025 को यश मॉडर्न अंजनि प्लांट गौरेला के फर्नेस में जलाकर विधिवत नष्टीकरण किया गया। गत 30 दिसंबर 2024 के बाद यह द्वितीय अवसर है जब जिला स्तर पर गठित ड्रग डिस्पोजल कमिटी द्वारा ही मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही की गई पहले केवल मुख्यालय स्तर पर गठित उच्च स्तरीय कमिटी द्वारा ही नष्टीकरण किया जाता था। शासन के आदेशानुसार गठित जीपीएम जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमिटी में जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस भावना गुप्ता की अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल (हृज्ञस्न) और जिला आबकारी अधिकारी पलक नंद की उपस्थिति में संपूर्ण नष्टीकरण की कार्यवाही संपन्न कराई गई। स्वयं जीपीएम एसपी आईपीएस भावना गुप्ता ने फर्नेस भट्ठी में स्वयं गांजा डालकर नष्टीकरण प्रक्रिया शुरू की जिसके बाद संपूर्ण गांजा फर्नेस में जलाकर विधिवत नष्ट किया गया। पर्यावरण विभाग से स्वीकृति प्राप्त करने उपरांत

विशेष अभियान के अवसर पर अंजनि ग्राम गौरेला स्थित यश मॉडर्न फूड यूनिट 2 के फर्नेस में जलाकर विधिवत नष्टीकरण किया गया जिसमे थाना पेंड्रा के कुल 6 और गौरेला के 2 प्रकरण मिलाकर कुल 8 प्रकरणों ने जप्त 346 किलोग्राम गांजा का विधिवत तौल और नष्टीकरण समिति के सदस्यों के सामने हुआ। नियमानुसार संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई और सूचना वरिष्ठ कार्यालय और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी दी गई। संपूर्ण नष्टीकरण कार्यवाही में जिला जीपीएम के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के डीएसपी दीपक मिश्रा, एसआई सुरेश ध्रुव तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सहायक उप निरीक्षक अंजोर सिंह श्रोते, प्रधान आरक्षक सुखसागर खूंटे समेत थाना प्रभारी गौरेला नवीन बोरकर और थाना प्रभारी पेंड्रा उप निरीक्षक गंगा प्रसाद बंजारे और अन्य पुलिस लाईन स्टाफ भी उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने निर्वाचन आयुक्त के नाम जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पेंड्रा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने अपने ज्ञापन में कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निर्वाचन 2025 में उपयोग में लाई जाने वाली ब्लेट यूनिट में महापौर/ अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के मत डालने की एक ही मशीन में व्यवस्था की गई है जो कि ए अव्यावहारिक एवं संदेहास्प्रद है। उक्त नई व्यवस्था का किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार जनता के बीच नहीं हुआ है। आमतौर पर अभी तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ब्लेट यूनिट मशीन में एक पद के लिए एक मत डालने की व्यवस्था से आम जनता वाकिफ है। नई ब्लेट यूनिट में दो पद के लिए एक बार में मत देने की आम जनता को कोई जानकारी नहीं है।

इसका लाभ राज्य में सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने के नियत से किया गया लगता है।आगे उन्होंने कहा इस यूनिट में वी.वी.पेट की व्यवस्था इस निर्वाचन में नहीं की गई है जबकि उच्चतम न्यायालय का स्पष्ट निर्देश /आदेश है कि निर्वाचन में ई . वी.एम में बी.वी पेट लगाए जाएं ताकि मतदाता को यह पता चल सके की उसने जो मत दिया है वह सही दिया गया है।

उत्तम वासुदेव ने आगे कहा कि इस विसंगति को दूर करते हुए दो पद के लिए दो विभिन्न ब्लेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल किया जाए साथ ही वे वी.वी. पेट भी लगाये जाए।जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वक्त गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक शर्मा,नफीस खान, शारदा चरण पसारी,संतोष ठाकुर मौजूद थे।

तार जलने के बाद 8 महीने से बिजली सप्लाई बंद ग्रामीण परेशान

लखनपुर/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्रापं सलका के आश्रित ग्राम कर्मीटिकरा में करीब 20 से 22 परिवार उप स्वास्थ्य केंद्र के इर्द-गिर्द निवासरत हैं जहां 4 साल पहले बिजली खंभा लगाकर लाइट सप्लाई किया जा रहा था। लेकिन बिजली मुख्य सप्लाई वाला तार खराब होने के कारण उसको निकाल दिया गया वर्तमान में ठेकेदार द्वारा बेतार वाले बिजली खंभों में फिर से नये तार लगाकर सप्लाई व्यवस्था किया जा रहा है। लेकिन आश्रित कर्मी टिकरापारा बसाहट वाले एरिया के बिजली खंभों में तार नहीं लगाये जाने से रूष्ट ग्रामीणों ने विभाग में शिकायत प्रस्तुत किये बाद इसके आज तलक इस विषय में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई।

नगरीय चुनाव के लिए पार्षद तथा अध्यक्ष पद के दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे

लखनपुर/नवप्रदेश। चुनाव आयोग से अधिसूचना जारी होते ही नगरीय चुनाव लडने वाले दावेदार नामांकन पत्र दाखिल करने आरंभ कर दिये है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दावेदार 22 जनवरी को नगर लखनपुर के वार्ड क्रमांक 15 से पार्षद पद के लिए 1 नामांकन पत्र दाखिल किए गये वहीं 23 जनवरी को नगर अध्यक्ष पद के लिए श्री मति सावित्री साहू ने तथा वार्ड क्रमांक 02 से दिनेश साहू ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। वही आज 24 जनवरी को 08 दावेदारो ने पार्षद पद के नामांकन पत्र खरीदे जिसमें वार्ड क्रमांक 01 से बबलू राम, वार्ड क्रमांक 06 से शमीमुद्दीन, एवं आसमां बेगम, वार्ड क्रमांक

10 फिरदौस उद्दीन, वार्ड क्रमांक 15 से उमेश सोनवानी, वार्ड क्रमांक 11से ईश्वर राजवाड़े, वार्ड क्रमांक 14 से बघोलन राम, वार्ड क्रमांक 13 से चमेली तथा वार्ड क्रमांक 03 से निशांत गुप्ता ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। साथ ही अध्यक्ष पद के दावदारी कर रहे शिखा जायसवाल तथा सुनीता जायसवाल ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। इनमें से अध्यक्ष पद के दावेदारी कर रहे श्रीमती सावित्री साहू तथा पार्षद पद के दावेदार दिनेश साहू ने पहले ही अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिये है।

गोवा महाराष्ट्र में युवा खेल कार्यक्रम 29 जनवरी से होगा आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। युवा आदान प्रदान कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन खेल एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार गोवा महाराष्ट्र द्वारा 29 जनवरी से 02 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नेहरू युवा केंद्र संगठन बिलासपुर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अध्यक्ष लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिति पंथी पार्टी भटगांव लक्ष्मीकांत जड़ेजा को पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 27 जनवरी को लोक मान्य तिलक एक्सप्रेस से रवाना किया जाएगा एवं वापसी 03 फरवरी को होगा। इस प्रकार 27 जनवरी से 4 फरवरी तक लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिति पंथी पार्टी भटगांव अध्यक्ष लक्ष्मी कांत जड़ेजा गोवा महाराष्ट्र जायेंगे। भटगांव पंथी पार्टी तीन बार राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त मुंगेली जिले को गौरवान्वित कर चुके है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 200 पुरस्कार प्राप्त ग्राम भटगांव एवं जिले को गौरवान्वित कर चुके है। ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता नवागढ़ 2015 में प्रथम पुरस्कार एक लाख इक्यावन हजार रुपए राज्य स्तरीय युवा महोत्सव पंथी नृत्य प्रतियोगिता रायपुर 2019 में द्वितीय

पुरस्कार एवं ओपन राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता नवागढ़ 2024 में द्वितीय पुरस्कार एक लाख एक हजार रुपए प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित कर चुके है। लगातार 8 वर्षों से मुंगेली जिला में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते आ रहे है। विश्व सांस्कृतिक महोत्सव आर्ट ऑफ लिविंग फेस्टिवल 2016 दिल्ली राष्ट्रीय एकता शिविर 2004 उज्जैन महाकुंभ राष्ट्रीय एकता शिविर सीधी मध्य प्रदेश 2006 राष्ट्रीय एकता शिविर नरसिंहपुर मध्य प्रदेश 2008 राष्ट्रीय एकता शिविर कुँवपाल उड़ीसा 2008 कलागांव लखनऊ उत्तरप्रदेश 2007 राष्ट्रीय एकता शिविर जांजगीर चांपा 2011 में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में लक्ष्मी कांत जड़ेजा द्वारा पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करते आ रहे है। आदिम जाति विभाग खेल विभाग स्वास्थ्य विभाग संस्कृति विभाग एवं अन्य विभागों के कार्यक्रमों में भटगांव पंथी पार्टी द्वारा पंथी नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करते रहते है।

आयोजन

सभी छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम के बारे में कराया अवगत

कस्तूरबा गांधी विद्यालय चातरखार में रंगोली, चित्रकला, नृत्यकला आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चातरखार में रंगोली, चित्रकला, नृत्यकला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भ्रुण हत्या जैसे गंभीर सामाजिक अपराध पर छात्राओं को जागरूक किया गया व महिलाओं के घटते लिंगानुपात को कम करने के लिये सभी छात्राओं को बताया गया एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम के बारे में बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरिश कुर्रे, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. कमलेश खैरवार के मार्गदर्शन में 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चातरखार में रंगोली, चित्रकला, नृत्यकला आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम ''बेहतर भविष्य के लिए लड़कियों को प्रेरित करना है'' इस थीम में इस बात पर जोर दिया गया है कि लड़कियों को सशक्त बनाने और उन्हें उचित अवसर दिए जाने की जरूरत है। शिक्षा लड़कियों के लिए उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण मार्ग है। उक्त कार्यक्रम

में भ्रूण हत्या जैसे गंभीर सामाजिक अपराध पर छात्राओं को जागरूक किया गया व महिलाओं के घटते लिंगानुपात को कम करने के लिये सभी छात्राओं को बताया गया एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम के बारे में बताया गया। लैंगिग समानता का महत्व क्या है व बालिका के अधिकारों की जानकारी दी गई। जिला सलाहकार डॉ. सोनाली मेश्राम ने बताया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य कैन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, वीएचएसएनडी में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण हत्या रोकने व लैगिंग समानता, महिलाओं के अधिकार से संबंधित जानकारी हितग्राहियों को दी गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालय एवं सोनोग्राफी सेंटर में भी ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के अवसर पर रंगोली, पेटिंग का कार्यक्रम आयोजित की गई। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चातरखार के उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनांए देकर सम्मानित किया गया।

जिला ग्रंथालय का कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला ग्रंथालय का कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आज औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रंथालय की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और कई आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बेहतर माहौल प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे अपनी तैयारी को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें और जिले का नाम गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने ग्रंथालय को एक प्रेरणादायक और संसाधन-संपन्न केंद्र के रूप में विकसित करने की बात कही की। कलेक्टर ने ग्रंथालय को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने और शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पाठ्य सामग्री और अन्य अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। छात्रों को अध्ययन के लिए शांत और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने ग्रंथालय परिसर में नव निर्मित भवन का भी अवलोकन किया और परिसर में गार्डनिंग व्यवस्था के साथ दीवारों का रंगरोगन के निर्देश दिए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित, दिलाई शपथ

मत देने का अधिकार संघर्ष के बाद मिला, मताधिकार का उपयोग अवश्य करें: कुलपति वाजपेयी

बिलासपुर/नवप्रदेश। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज जिला प्रशासन द्वारा कोनी स्थित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय के कुलपति अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मत देने का अधिकार हमें कड़े संघर्ष के बाद मिला है। हमें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। मतदान लोकतंत्र का आधार है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। कार्यक्रम में नये वोटरों को ईपिक कार्ड दिए गए। मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम और चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजी संजीव शुक्ला ने की। कुलपति श्री वाजपेयी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हम सभी की सहभागिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है। आईजी संजीव शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हमें यह विचार करना चाहिए कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हम कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। सभी व्यक्ति के मत का समान्य मूल्य है। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो, इसके लिए हम सभी को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। मतदान को हमे अपना पुनीत कर्तव्य मानना चाहिए। कुलपति श्री वाजपेयी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं युवा मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परंपरा बनाए रखने और निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक हो: कलेक्टर

कलेक्टर अवनीश शरण ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमें अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक होना चाहिए। युवा मतदाता हमारे लोकतंत्र के भविष्य के निर्माता है। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत बनता है। लोकतांत्रिक पद्धति को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से मतदान हेतु युवा वर्ग में जो जागरूकता आई है उससे न केवल परिवार जागरूक होगा अपितु समाज भी जागरूक होगा।

नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड

कार्यक्रम में नये युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड दिया गया। मतदाता जागरूक्ता से संबंधित गानों, नुक्कड़ नाटक और नृत्य की शानदार प्रस्तुति विभिन्न कॉलेज के युवाओं द्वारा दी गई। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीशनल एसपी अर्चना झा, राजेन्द्र जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, कृषि महाविद्यालय के डीन एन. के. चौरे सहित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

चाकू दिखाकर डराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुंडा बदमाश व उसके साथी को सिविल लाईन पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जमीन विवाद पर अश्वनी चर्तुवेदी को चाकू दिखाकर कर विवाद कर रहा था। आरोपी से 2 नग लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली की 02 व्यक्ति नेहरू चौक के आगे एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर डरा धमका रहे कि इस सूचना पर त्वरित सिविल लाईन पुलिस पार्टी को मौके पर रवाना किया गया जंहा दोनो आरोपी अश्वनी कुमार चर्तुवेदी निवासी महामायापारा रतनपुर को जमीन विवाद पर से चाकू दिखाकर लडाई झगडा कर रहे थे दोनो आरोपीयो के पास से 02 नग धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया हैं। जिसमें एक आरोपी गोलू उर्फ राजेश पासी आदतन नामी गुंडा बदमाश हैं। जिसके विरूद्ध जिले में कई अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। दोनो बदमाशो के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफतारी कार्यवाही किया गया हैं।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ने वितरित किए हेलमेट

वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं सुरक्षित रहेगा जीवन: एसपी रजनेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित बिलासा गुड़ी परिसर में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर के पत्रकारों को हेलमेट वितरित किए। यह कदम न केवल पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया, बल्कि इसके माध्यम से समाज में हेलमेट के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट न पहनने के कारण 60 प्रतिशत मामलों में लोगों की जान चली जाती है। हेलमेट सिर को चोट से बचाने का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे दिए गए हेलमेट का नियमित रूप से उपयोग करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार समाज में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं और उनका यह कदम समाज में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। हेलमेट वितरण की शुरुआत बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली से की गई। अध्यक्ष की मांग पर एसपी रजनेश सिंह ने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में शहर के सभी पत्रकारों को हेलमेट प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में शुक्रवार को 100 पत्रकारों को हेलमेट वितरित किए गए। एसपी ने बताया कि जनवरी का पूरा माह सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मनाया जा रहा है। अभियान के पहले दो सप्ताह में ट्रैफिक इंजीनियरिंग, जागरूकता और यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू किया गया। अब हेलमेट वितरण के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

यातायात नियमों का पालन करें

उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। साथ ही, बिना हेलमेट टू-व्हीलर चलाने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि हेलमेट न केवल दुर्घटनाओं से बचाव करता है, बल्कि यह जीवन को सुरक्षित रखने का भी माध्यम है। उन्होंने अपील की कि हर नागरिक सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम पर जागरुकता अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीसीपीए नडीटी अंतर्गत आज राष्ट्रीय बालिका दिवस का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय बालिका छात्रावास चपोरा विकासखंड कोटा में आयोजित किया गया। जिसमे जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागी बालिकाओं के द्वारा चार्ट पेपर ड्राइंग पेंटिंग, रंगोली, भाषण, निबंध प्रतियोगिता आदि में भाग लिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम एवं लैंगिक समानता, बालिकाओ के प्रति होने वाले अपराध के रोकथाम, बालिकाओं का समाज मे योगदान, बालिकाओं के लिए शिक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण। बाल विवाह रोकथाम इत्यादि विषय पर कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला एवं छात्रावास के 150 बालिकाएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया। उक्त जिला स्तरीय आयोजन में डॉ. प्रमोद तिवारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. बी के वैष्णव जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी, प्यूली मजूमदार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ वैशाली साहू जिला सलाहकार पीसीपीएनडीटी, श्वेता सिंह विकाशखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक कोटा, डॉ. किरण नायक आयुष चिकित्सा अधिकारी चपोरा, आरएमए एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

संविदा कर्मचारी रोजगार सहायक की बर्खास्तगी आदेश हाईकोर्ट ने की रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। *हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने संविदा कर्मचारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि संविदा कर्मचारियों की नौकरी की कोई गारंटी नहीं होती, इसके बाद भी अगर कोई संविदा कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहा है तो सेवा समाप्ति के लिए निष्पक्ष प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक हो जाता है।*

आदेश जारी करने से पहले कर्मचारी को उन आरोपों का खुद का बचाव करने का अवसर देना चाहिए जो उस पर लगाए गए हैं। एकपक्षीय कार्रवाई संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का परिपालन करना आवश्यक है। जरुरी टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने संविदा कर्मचारी रोजगार सहायक की बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया है। बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए याददास साहू ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दायर याचिका में उसने बताया कि 2016 में संविदा आधार पर ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) मनरेगा के पद पर डोंगरगांव क्षेत्र में नियुक्ति हुई थी। कामकाज अच्छा होने के कारण उसे सेवा का मौका मिल रहा था। छह साल की नौकरी के बाद दिसंबर 2022 में स्थानीय अधिकारियों और विधायक दलेश्वर साहू ने उस पर कदाचार का आरोप लगाया। आरोप के मद्देनजर जांच पड़ताल शुरू की गई। इस बीच उसने जांच रिपोर्ट की मांग भी की। अनिवार्य लक्ष्यों और कार्य को पूरा ना कर पाने का आरोप लगाया गया। जारी नोटिस में कदाचरण के अलावा सेवा में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। जवाब पेश करने के बाद दूसरी पंचायत में उसका स्थानांतरण कर दिया।

बर्खास्तगी एक दंडात्मक कार्रवाई

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दिसंबर 2022 की जांच रिपोर्ट में याचिकाकर्ता को दोषमुक्त कर दिया गया था। इसके बाद भी बिना किसी ठोस आरोप के उसे सेवा से हटा दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि कदाचार के आधार पर बर्खास्तगी एक दंडात्मक कार्रवाई है। इसके लिए प्रक्रियागत सुरक्षा उपायों का पालन करना आवश्यक है। हाई कोर्ट ने अधिकारियों को नए सिरे से जांच की स्वतंत्रता देते हुए याचिकाकर्ता को सभी परिणामी लाभों के साथ बहाल करने का निर्देश दिया।

30 जनवरी से बादल छाएंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन होने की संभावना है, जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। प्रदेश में 27 जनवरी तक, 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 30 जनवरी से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल छा सकते हैं ।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक सूत्र में पिरोना उद्देश्य: डॉ. संजय

■ **सीएमडी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सी. एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाजकार्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी, छात्र छात्राएं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक मौजूद थे। शासी निकाय अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 जनवरी 2018 को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रुप में अपनाया तब से 24 जनवरी को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रुप में मनाया जाता है। आज हम सबके लिए महत्वपूर्ण दिन हैं महाविद्यालय इसके लिए प्रतिबद्ध है कि सबको शिक्षा प्राप्त हो। महाविद्यालय अपने स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य संपादित किए हैं और आगे भी किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बिलासपुर शहर में सभी को शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो महाविद्यालय के प्राध्यापक लगातार मेहनत करके एनईपी 2020 के अंतर्गत होने वाले परीक्षा को भी सफल रूप से संचालित कर रहे हैं यह बड़ी खुशी की बात है कि महाविद्यालय में परीक्षा एवं उपस्थित छात्र की संख्या लगभग 98 प्रतिशत से भी अधिक है इससे यह स्पष्ट होता है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षा के प्रति जागरुक है। शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ने कहा कि सी. एम. दुबे महाविद्यालय एक माइलस्टोन के रूप में कार्य संपादित कर रही है नए कोर्स लाना महाविद्यालय का दायित्व है।

रील से ज्यादा रीडिंग पर ध्यान केंद्रित करें छात्र: कुलपति प्रो. चक्रवाल

नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया, आईआईटी खड़गपुर ने किया कार्यशाला आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग और केन्द्रीय ग्रंथालय तथा नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया, आईआईटी खड़गपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 जनवरी, 2025 को एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि प्रतिभागी युवा छात्र-छात्राएं एवं विद्यार्थी मोबाइल की रील पर समय व्यर्थ करने के बजाए स्वाध्याय पर ध्यान केन्द्रिंत करें। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसाधनों को स्वयं के उन्नयन में प्रयोग करें। डिजिटल लाइब्रेरी के प्रयोग पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का है। ऐसे में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की यह कार्यशाला आप सभी के लिए उपयोगी एवं महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे एवं डॉ. जी.ए. घनश्याम, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर रहे। शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. सी.एस. वझलवार, कला विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश तिवारी, ग्रंथपाल डॉ. ए.के. शर्मा एवं हिमांशु वर्मा, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर, डॉ. बी. सूत्रधार, ग्रंथपाल, आईआईटी खड़गपुर एवं मनाली सेनगुप्ता वरिष्ठ आउटरीच प्रबंधक, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया उपस्थित रहे।

नशे में दुर्घटना करने वाले ड्राइव्हर को जेल

रतनपुर/नवप्रदेश। नशे में वाहन चलाकर दुर्घटना करने वाले ड्राइव्हर को जेल भेजा गया है। रतनपुर पुलिस ने आरोपी ड्राईव्हर के विरूद्ध आपराधिक मानव वध का अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार रामबहादुर टेकाम निवासी लिम्हा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 जनवरी रात्रि 8 बजे प्रार्थी व इसके घर के सभी सदस्य इसकी पत्नि, बेटी, लड़का, दामाद, नातिन व नाती घर में खाना खाकर सो रहे थे, उसी समय ट्रेलर क्रमाँक सीजी 13 एलए 5176 का चालक संदीप पोर्ते अपने वाहन को शराब के नशे में जानबुझकर तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये सड़क किनारे लगे खंभे को तोड़ते हुये प्रार्थी के घर में अपने ट्रेलर वाहन को घुसा दिया। जिससे घर में सो रहे परिवार के सभी सदस्यों को चोंटें आई है तथा प्रार्थी के नातिन को गंभीर चोंट आने से प्रार्थी के नातिन की मौके पर ही मृत्यू हो गई है। कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से थाना प्रभारी रतनपुर द्वारा टीम गठित कर आरोपी वाहन चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर घटना कारीत वाहन को जप्त कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सम्मान

हर मापदंड पर बेहतर कार्य के लिए रायपुर रेल मण्डल को ओवर ऑल इफेसेंसीसतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 अधिकारी व 70 कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 69 वें रेल सप्ताह समारोह में विशिष्ट रेल सेवा एवं रेल सेवा पुरस्कार का कार्यक्रम का आयोजन आज 24 जनवरी को न्यू रेल ऑडिटोरियम बिलासपुर में अपरान्ह 3 बजे से शुरू किया गया । परम्परा एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश उपस्थित थे।

इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा, मीनाक्षी शर्मा भी उपस्थित थी । कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे । साथ ही यूट्यूब लाइव के माध्यम से रेलकर्मियों के परिवारजन व नागरिक भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े रहे । भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी । इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कषॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है । रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी आज आयोजित 69 वें रेल सप्ताह समारोह में सर्वप्रथम परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि श्री तरुण प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (सा.) समीर कांत माथुर के द्वारा सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत किया गया।

महिला सशक्तिकरण पर लघु फिल्म का प्रदर्शन

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर तैयार की गई लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने अपने सम्बोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को 69वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह की बधाई देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

76वें गणतंत्र दिवस समारोह पर 26 जनवरी को पुलिस ग्राउंड में होंगे विविध आयोजन

वित्त मंत्री ओपी चौधरी बिलासपुर में फहराएंगे तिरंगा, समारोह की तैयारियां पूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओ.पी. चौधरी संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा झण्डा फहराएंगे। वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गणतंत्र दिवस संदेश वाचन के साथ ही आयोजित परेड की सलामी लेंगे।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में हुए विकास कार्यों पर केन्द्रित शासकीय विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों की शानदार झांकी प्रदर्शनी भी देखने का मौका मिलेगा। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए जारी मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार सवेरे 8.59 बजे मुख्य अतिथि ओपी चौधरी का समारोह स्थल पर आगमन होगा। इसके बाद 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं परेड कमाण्डर द्वारा राष्ट्रध्वज की सलामी, 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, बैण्ड द्वारा मार्च धुन, 9.06 बजे हर्ष फायर, 9.13 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट, 9.18 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, 9.39 परेड निष्क्रमण की कार्यवाही, 9.48 बजे स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.17 बजे विकास कार्यों पर आधारित झांकी प्रदर्शन, 10.47 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान तथा 11 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

बिलासपुर मंडल में डीआरएम लेंगे परेड की सलामी

26 जनवरी 2025 को 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक परिसर में प्रातः 07.30 बजे से गणतंत्र दिवस-समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत आरपीएफ, सिविल डिफेंस, स्काउट एवं गाईड, एनसीसी की टीम द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया जायेगा। इस अवसर पर मंडल सेक्रो अध्यक्षा भगवती खोईवाल, सदस्याएं, अधिकारीगण, मजदूर कांग्रेस एवं विभिन्न एसोशिएशनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे ।

झांकी रहेगा आकर्षण का केंद्र

26 जनवरी के अवसर पर पुलिस ग्राउंड में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम किए जाएंगे इसके अलावा सभी सरकारी विभागों द्वारा विभागीय झांकी का तैयार किया गया है जिसका प्रदर्शन पुलिस परेड मैदान में किया जाएगा जो कि हर साल की तरह इस साल भी शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा पीटी भी किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

पेड़ पर लटकी मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। यदुनंदन नगर के सेक्टर टी के बगल में स्थित गोल्डन प्रॉपर्टी के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। व्यक्ति की लाश फरसा पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई मिली। इस घटना को लेकर अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या है या आत्महत्या। पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी। शनिवार सुबह कुछ स्थानीय लोगों ने फरसा पेड़ पर लटकी हुई एक लाश देखी। तुरंत सिरगिट्टी थाने में इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की लाश लगभग चार-पांच दिन पुरानी बताई जा रही है। शव की स्थिति और घटनास्थल की परिस्थितियों से यह संकेत मिल रहे हैं कि या तो व्यक्ति की हत्या की गई है या उसने आत्महत्या की है। यह घटना साई बिहार के बगल में गोल्डन प्रॉपर्टी के पास की है। पुलिस इस मामले में साई बिहार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। घटनास्थल सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन जांच सिरगिट्टी पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर सभी साक्ष्य एकत्रित किए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सिम्स के चतुर्थ कर्मचारियों को दिया गया कौशल प्रशिक्षण

कर्मचारी मरीजों के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए उत्तरदायित्व निभाएं: डीन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स संस्थान में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कार्य कौशल को उत्कृष्ट बनाने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल, अपने स्वयं के व्यक्तित्व, मरीजों के प्रति व समाज के उत्तरदायित्व व जिम्मेदारिया के बारे में बताया गया। ताकि सिम्स में आने सभी मरीजों का संपूर्ण देखभाल प्राप्त हो सके।

मेडिकल कॉलेज सिम्स के डीन अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लाखन सिंह आदेश में इस कार्य को हर हर सप्ताह में किया जाएगा इसका मुख्य उद्देश्य है समस्त कर्मचारियों को समय-समय पर नई ट्रेनिंग जिससे कार्य प्रणाली में सुचारू और गंभीरता से करने का अनुभव प्राप्त होगा और इससे मरीज और डॉक्टर के बीच में समन्वय स्थापित करने कार्य का संचालन करने में सफलता मिलेगी और मरीजों को परिजनों को सहयोग का अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एआर बेन के द्वारा किया गया। कर्मचारियों को रक्त जनित रैमो व बायो मिडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी दी गई। पॉजिटिव मरीज की देखभाल करने में सतर्कता बरतनी चाहिए। नीडल प्रिक होने पर सबसे पहले पानी से हाथ धोए। कार्यक्रम का संचालन संजीता केवट व पुष्पलता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी चतुर्चु श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नीडल का उपयोग कर नीडल बर्नर से डिस्पोज करें

वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ दीपा शर्मा व गंगा पटेल ने अस्पताल विसंक्रमण व नवजात शिशु की देखभाल के संबंध में बताया। निडिल प्रिक से जुड़े हुए स्वास्थ दुष्प्रभाव की जानकारी व रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। नीडल को उपयोग के बाद रिकैप नहीं किया जाना चाहिए। नीडल को उपयोग के बाद नीडल बर्नर से डिस्पोज करना चाहिए। नीडल प्रिक हो जाने पर मरीज का एचआईवी स्टेटस पॉजिटिव आने पर तुरंत उपचार के लिए एआरटी की पीईपी सेंटर से लेना है।

हाईकोर्ट ने रूंगटा कॉलेज को लगाई फटकार, पीड़ित छात्र को मिला न्याय

बिलासपुर/नवप्रदेश। एमबीए में प्रवेश लेकर एक माह तक नियमित कक्षाएं अटेंड करने के बावजूद छात्रा का प्रवेश रद्द कर देने के मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने रुंगटा एजुकेशनल फाउंडेशन के डायरेक्टर को छात्रा से ली गई फीस पर 8 प्रतिशत मासिक ब्याज सहित वापस करने और साथ ही 2 लाख रुपये का मुआवजा अदा करने का निर्देश दिया है। गिरिजापुर, कोरिया की रहने वाली रिद्धी साहू ने रुंगटा कॉलेज में एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था। प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूरी करने और शुल्क का भुगतान करने के बाद उसने एक माह तक नियमित कक्षाओं में भाग लिया। इसके बाद 13 नवंबर 2024 को कॉलेज प्रशासन ने यह कहते हुए उसे कक्षाओं में आने से रोक दिया कि उसका नाम सीजीडीटीई पोर्टल पर प्रदर्शित विश्वविद्यालय की प्रवेश सूची में नहीं है। कॉलेज की इस कार्रवाई से परेशान होकर रिद्धी ने 20 नवंबर 2024 को डायरेक्टर, टेक्निकल एजुकेशन रायपुर को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया, पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। अपनी पढ़ाई बाधित होने और पूरे साल के खराब होने के कारण रिद्धी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने इस मामले में कॉलेज और विवि प्रशासन की लापरवाही को गंभीर मानते हुए रुंगटा कॉलेज को निर्देश दिया कि वह छात्रा को हुए नुकसान के लिए मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपये का भुगतान करे और उसकी चुकाई गई फीस ब्याज सहित लौटाए। अदालत ने यह भी कहा कि इस प्रकार की घटनाएं शिक्षा प्रणाली में छात्रों के अधिकारों का हनन करती हैं और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

चांदी में भी हॉलमार्क अनिवार्य करे केंद्र सरकार: कमल सोनी

- चांदी पर हॉलमार्क अनिवार्य करने और आयात शुल्क घटाने की मांग
- डेबिट-क्रेडिट कार्ड शुल्क समाप्त करने और जीएसटी 5प्रतिशत से घटाकर 3प्रतिशत करने की सिफारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश होने वाला है, और इस मौके पर व्यापारिक संगठनों ने सरकार को अपने सुझाव भेजने शुरू कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी और महासचिव प्रकाश गोलछा ने सराफा व्यापारियों के हित में कुछ अहम सिफारिशें पेश की हैं। उन्होंने कहा, हमने 'एक राष्ट्र, एक दर' नीति को लागू करने का सुझाव दिया है। साथ ही, जिस तरह सोने पर हॉलमार्क अनिवार्य किया गया है, उसी प्रकार चांदी पर भी हॉलमार्क अनिवार्य किया जाना चाहिए। सोनी ने कहा कि आभूषण निर्माण पर लगने वाले 5 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 3 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों को सीधा फायदा पहुंचेगा। एसोसिएशन ने सरकार से इन सिफारिशों पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से व्यापारिक क्षेत्र में व्यापक बदलाव आएंगे और उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों को भी फायदा होगा।

आयात शुल्क घटाने पर जोर

सोनी ने बताया कि वर्तमान में सोने और चांदी पर 6 प्रतिशत आयात शुल्क है, जिसे घटाकर 4 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इससे सराफा उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार कम होगा।

डिजिटल लेनदेन पर राहत की मांग

डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिए लेनदेन पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को पूरी तरह समाप्त करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि यह व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए राहतकारी होगा।

प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा के तहत 49 गर्भवती माताओं की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दगोरी में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 49 गर्भवती माताओं की जांच उपचार मेडिकल आफिसर डॉ मंजूलता वर्मा ने किया। इस दौरान गर्भवती माताओं की ऊंचाई, वजन, पेट की जांच के साथ ही ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, शुगर, यूरीन की जांच की गई। साथ ही गर्भवती माताओं को जरूरी सलाह भी दी गई। इस अवसर में सुमित्रा मसीह, जितेंद्र बंधे आदि उपस्थित थे।

इम्मा ने एसईसीएल में हरित माईनिंग पर कार्यशाला आयोजित की

बिलासपुर/नवप्रदेश। इम्मा (इंडियन माईन मैनेजर्स एसोसिएशन) बिलासपुर चैप्टर और एसईसीएल के संयुक्त तत्वावधान में हरित-माइनिंग (हम) - 21 दिन अभिनव कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 22 जनवरी को सीएमडी एसईसीएल डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के करकमलों से हुआ। उसके उपरांत हरित-रथ सभी वांछित संसाधनों से लैश एसईसीएल के क्षेत्रों में संदेश संबहन और जमीनी स्तर पर सेंसेटाइज करने वाले तथ्यों को समझाने व उनके प्रचार प्रसार के लिए सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी एसईसीएल हिमांशु जैन, क्षेत्रीय महाप्रबन्धकों, इम्मा बिलासपुर चैप्टर के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह,(महाप्रबंधक औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग)-विभागाध्यक्ष, इम्मा धनबाद से आर के शर्मा एवं सभी सहभागियों की उपस्थिति में झंडे दिखाकर रवाना हुआ। अभियान के तहत एसईसीएल के 13 क्षेत्रों और तीन केंद्रीय यूनिट के सभी कार्यस्थलों पर पहुंचकर हम -21 दिन के मौलिक सोच को पहुंचाते हुए जमीनी स्तर पर कोयला के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित जिम्मेदारी की जानकारी और अन्य उपायों का आख्यान का प्रचार करेगा। मस्तिष्क उद्वेलन से पर्यावरण हितैषी और कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले अपने चुनिंदा क्रियाकलापों के लगातार 21 दिनों के अभ्यास से आदतों में शुमार करने के उपरांत राष्ट्रीय उत्पादन उत्पादकता दिवस पर उत्पादकता शपथ लेते हुए सुस्थापित कार्यों द्वारा निर्धारित लक्ष्य सहज रूप से हासिल हो।

घोषणा पत्र को बेहतर और समावेशी बनाने सुझाव साझा करें: अमर

चुनाव पूर्व घोषणा पत्र समिति की बैठक आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, रायपुर में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की रणनीतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हेतु घोषणा पत्र समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, प्रेम प्रकाश पांडे, मोतीलाल साहू, नीलकंठ नेताम, चंद्रशेखर साहू, हेमंत पानीगिरी, पंकज झा, अंबिका साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी की रणनीतियों को मजबूत बनाने एवं जनता से जुड़ाव बढ़ाने के लिए व्यापक चर्चा की गई। साथ ही, घोषणा पत्र को जन आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर समिति ने जनता से अपील की कि वे पार्टी के घोषणा पत्र को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए अपने सुझाव साझा करें। भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ ने इस उद्देश्य के लिए एक व्हाट्सएप नंबर और ईमेल आईडी जारी किया है। जनमानस अपने सुझाव 9111014400 (व्हाट्सएप) या morsujhav@bjpcg.com (ईमेल) के माध्यम से साझा कर सकते हैं। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि घोषणा पत्र समिति जन आकांक्षाओं के हित के लिए तैयार की गई है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा है कि इस जनहित कार्य में प्रदेशवासी बढ़ - चढ़ कर हिस्सा ले ताकि प्रदेश वासियों के हितों के अनुरूप घोषणा पत्र तैयार हो एवं जिसका भारतीय जनता पार्टी जनहित में क्रियान्वन सुनिश्चित कर सके।

बाघों के आपसी संघर्ष में मादा बाघ की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानकमार टाईगर रिजर्व के कक्ष क्रमांक 339 में एक मादा बाघ (बाघिन) मृत पाई गई। पैदल गार्ड टीम द्वारा सूचना मिलने के बाद उप संचालक और संबंधित वन अधिकारियों की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मादा बाघ की मौत बाघों के आपसी संघर्ष के कारण होना प्रतीत हुआ। 24 जनवरी को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एसओपी का पालन करते हुए वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पी.के. चंदन और मुंगेली जिले के सरकारी पैनल पशु चिकित्सकों द्वारा बाघिन का पोस्टमार्टम किया गया। इस प्रक्रिया में एनटीसीए प्रतिनिधि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, और अचानकमार टाईगर रिजर्व के अधिकारी उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम के दौरान बाघिन की गर्दन पर दांत के गहरे निशान, श्वासनली के फटने, फेफड़ों के सिकुड़ने और शरीर पर खरोंच के निशान पाए गए। पैनल की रिपोर्ट के अनुसार बाघिन की मौत दो बाघों के बीच क्षेत्रीय संघर्ष के कारण हुई।

आश्वासन...

28 तक प्रतीक्षा करें जिसमें उच्च न्यायालय का अंतिम निर्णय संभावित

डीपी विप्र कालेज के सभी छात्रों का भविष्य पूर्णतः सुरक्षित, आश्वस्त रहें: अग्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी विश्व विद्यालय के कुलपति के डी पी विप्र कालेज की परीक्षाओं को शून्य कर डिग्री न देने के कुछ भ्रामक समाचारों से छात्रों और पालकों की चिंताओं को पर उन्हे आश्वस्त करते हुये डी पी विप्र महाविद्यालय के आटोनोमस समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि किसी भी स्थिति में एक भी छात्र का कोई नुकसान नहीं हो सकने देंगे। उन्होंने छात्रों और पालकों को आगामी मंगलवार की प्रतीक्षा करने को कहा है जिसमे उच्च न्यायालय द्वारा अंतिम निर्णय संभावित है। उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुये बताया कि उच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश की डांट पर विश्वविद्यालय के वकिल ने भी इस घोषणा को पूर्व में जारी एक पत्र मात्र बताया है और महाविद्यालय के विद्वान अधिवक्ता को कहा कि छात्रों को उच्च न्यायालय की ओर से आश्वस्त कर दें कि सभी छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। विश्व विद्यालय द्वारा एक गलत नियम का हवाला देने पर उच्च न्यायालय ने उन्हें इसे शपथ पत्र के रूप में देने का निर्देश दिया था परंतु अब शपथ पत्र में देने में विश्व विद्यालय समय पर समय लेने और अनेक बहानों से आनाकानी कर रहे हैं जिस पर न्यायालय ने कड़ी डांट लगाते हुये आगामी मंगलवार का अंतिम समय दिया है।

संस्था छात्रों की शिक्षा व विकास के लिए प्रयासरत

श्री अग्रवाल ने कहा कि डी पी विप्र महाविद्यालय महाविद्यालय पूर्ण समर्पण और निष्ठा से छात्रों की शिक्षा और विकास के लिये प्रयासरत है जिसमें कुछ स्वार्थी तत्व बाधा डालना चाहते हैं परन्तु महाविद्यालय की समिति हर कदम सावधानी और नि:स्वार्थ रूप से समाज के कल्याण की दिशा में उठाने हेतु तत्पर है अत: सफलता निश्चित है। उन्होने विश्व विद्यालय के कुलपति से भी महाविद्यालय के छत्तीसगढ़ के युवा को बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य की दिशा में किये जा रहे प्रयासों में सहयोग देने की अपील करते हुये महाविद्यालय द्वारा भी उन्हें पूर्ण सम्मान और सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया है।

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री केदार कश्यप जी
सहकारिता मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री धरमजीत सिंह जी
विधायक
तखतपुर विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री आशीष दुबे जी
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिलासपुर

मा. श्री अभिषेक शर्मा जी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, बिलासपुर

जिले के समस्त किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री शंकर लाल कौशिक जी	श्री घनश्याम कौशिक जी	श्री मनीष तिवारी जी	श्री यशवंत दुबे जी	श्री परसराम कौशिक जी	श्री हर प्रसाद कौशिक जी	श्री दिनेश शर्मा जी	श्री दुर्गेश कुमार रजक जी	श्री भुनेश्वर गुप्ता जी
अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति	सेवा सहकारी समिति
तिफरा	बोदरी	सकरी	लाखासार	छतौना	सकर्रा	कुरेली	घुटकू	गनियारी

सौजन्यः- समस्त सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं प्रभारीगण एवं सहकारी समिति के सदस्य किसान भाईयों

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री केदार कश्यप जी
सहकारिता मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री धरमजीत सिंह जी
विधायक
तखतपुर विधानसभा क्षेत्र

क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

इंकलाब का नारा है, हिंदुस्तान हमारा है। तिरंगा हमारी शान है, हम भारतीयों का मान है।।

श्री कृष्ण कुमार यादव जी
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, पोड़ी, जनपद पंचायत, तखतपुर जिला- बिलासपुर

श्री रुद्रदत्त तिवारी जी
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, पोड़ी, जनपद पंचायत, तखतपुर जिला- बिलासपुर

सौजन्यः- सेवा सहकारी समिति, पोड़ी (घुटकू) पंजीयन क्र. 668

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक
बेलतरा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री पुष्प कुमार साहू जी
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, सेलर

क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं, सर हमेशा ऊँचा रखना
इसका जब तक दिल में जान हैं..!! जय हिन्द, जय भारत

श्री पुष्प कुमार साहू जी
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, सेलर
जनपद पंचायत, बिल्हा, जिला- बिलासपुर

श्री नारायण कश्यप जी
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, सेलर
जनपद पंचायत, बिल्हा जिला- बिलासपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

इशहाक कुरैशी
प्रमुखः आजाद युवा संगठन
बिलासपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री अजीत पवार
डिप्टी सीएम
महाराष्ट्र

श्री प्रफुल्ल पटेल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष
एनसीपी

नीलेश बिस्वास
प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी
छत्तीसगढ़
(अजीत पवार गुट)

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

त्रिलोक श्रीवास
राष्ट्रीय समन्वयक
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रभारी
प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश व गुजरात

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की प्रदेश व क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

डॉ. संजय निषाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष
निषाद पार्टी

संजय सिंह राजपूत
राष्ट्रीय सचिव
एवं प्रभारी छत्तीसगढ़
निषाद पार्टी
(NDA BJP
सहयोगी दल)

मा. श्री धरमजीत सिंह जी
विधायक
तखतपुर विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री आशीष दुबे जी
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक, बिलासपुर

मा. श्री सूर्यकांत जायसवाल जी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक, तखतपुर

क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

सौजन्यः- सेवा सहकारी समिति खम्हरिया, देवरी, मोछ, जरौधा, बेलपान, गिरधौना, तखतपुर और बीजा के समस्त प्राधिकृत अध्यक्ष एवं प्रभारी प्रबंधक और क्षेत्र के किसान भाई।

Happy ripublic Day

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री संजय दुबे जी
(अध्यक्ष शासकीय निकाय) सी.एम.डी. महाविद्यालय, बिलासपुर

क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

-: सौजन्य :-
जिला विपणन विभाग बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

इंकलाब का नारा है, हिंदुस्तान हमारा है। तिरंगा हमारी शान है, हम भारतीयों का मान है।।

-: सौजन्य :-
जिला खाद्य विभाग बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस 26 जनवरी की जनपद पंचायत परिवार की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

श्री विक्रम सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, बिल्हा

श्री संदीप पोयाम
सी.ई.ओ., जनपद पंचायत, बिल्हा

जनपद पंचायत बिल्हा में संचालित पंचायत विभाग की योजनाएं

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.), प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई. ग्राम), गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना, अनु. जाति विकास प्राधिकरण, छ.ग. विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एम.एल.), सांसद आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण, विधायक निधि, जनपद निधि, गौण खनिज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना, श्रद्धांजलि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई.), नल-जल योजना, स्वामी आत्मानंद वाचनालय, मुख्यमंत्री आंतरिक गली विद्युतीकरण योजना, स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना, जिला पंचायत निधि, मिनी स्टेडियम, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, 15वें वित्त योजना।

सौजन्य- समस्त जनपद पंचायत परिवार बिल्हा, बिलासपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस 26 जनवरी की जनपद पंचायत परिवार की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

श्री नितेश सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, मस्तूरी

श्री जे.आर. भगत
सी.ई.ओ., जनपद पंचायत, मस्तूरी

जनपद पंचायत मस्तूरी में संचालित पंचायत विभाग की योजनाएं

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.), प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई. ग्राम), गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना, अनु. जाति विकास प्राधिकरण, छ.ग. विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एम.एल.), सांसद आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण, विधायक निधि, जनपद निधि, गौण खनिज, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना, श्रद्धांजलि योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई.), नल-जल योजना, स्वामी आत्मानंद वाचनालय, मुख्यमंत्री आंतरिक गली विद्युतीकरण योजना, स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना, जिला पंचायत निधि, मिनी स्टेडियम, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, 15वें वित्त योजना।

सौजन्य- समस्त जनपद पंचायत परिवार मस्तूरी, बिलासपुर (छ.ग.)

क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

-: सौजन्य :-
जिला खनिज विभाग बिलासपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



श्री रघुराज सिंह
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
बिल्हा

श्री पी.डी. हथेश्वर
उप संचालक, कृषि विभाग, बिलासपुर

सौजन्य- उपसंचालक कृषि विभाग

किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री राजकुमार बरगाह जी
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, गुमा

मा. श्री शरद कश्यप जी
प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, गुमा

किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री लक्ष्मण कौशिक जी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक, बिल्हा

मा. श्री अनिल कौशिक जी
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, मोहतरा

मा. श्री दमेन यादव जी
प्रभारी प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, मोहतरा

किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री लक्ष्मण कौशिक जी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक, बिल्हा

मा. श्री हितेश सलूजा जी
वरिष्ठ पर्यवेक्षक
जिला सहकारी बैंक, बिल्हा

मा. श्री चिंता राम साहू जी
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, मुरकुटा

मा. श्री विनय कुर्रे जी
प्रभारी प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, मुरकुटा

किसान भाईयों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

मा. श्री लक्ष्मण कौशिक जी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक, बिल्हा

मा. श्री हितेश सलूजा जी
वरिष्ठ पर्यवेक्षक
जिला सहकारी बैंक, बिल्हा

मा. श्री कामता कौशिक जी
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति, दगौरी

मा. श्री त्रिलोचन कौशिक जी
प्रभारी प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, दगौरी

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654